Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 224 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, सोमवार 24 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



सम्यकत्व से रिक्त व्यक्ति चलता-फिरता शव है।

One is a walking dead body, without authenticity.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज जशपुर में स्व. दिलीप सिंह जूदेव स्मृति अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। इस प्रतियोगिता का आयोजन 8 फरवरी से 23 फरवरी 2025 तक जशपुर के रणजीता स्टेडियम में किया गया। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने पर खिलाड़ियों को 3 करोड़, रजत पदक पर 2 करोड़ और कांस्य पदक पर 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि खेलों के प्रति खिलाड़ियों के बढ़ते उत्साह और सरकार के समर्थन से छत्तीसगढ़ खेल हब बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने रणजीता स्टेडियम के जीर्णोद्धार की घोषणा करते हुए कहा कि रणजीता स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। प्रतियोगिता में देशभर के 16 राज्यों से आई राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल टीमों ने भाग लिया।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : अंतिम चरण में 77.54 प्रतिशत हुआ मतदान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में पंचायत चुनाव में तीसरे चरण के लिए और आखिरी चरण के लिए 50 ब्लॉक में वोटिंग खत्म हो गई है। प्रदेश में 77.54 प्रतिशत मतदान हुआ है। इनमें पुरुषों ने 77.21 प्रतिशत, महिलाओं ने 77.93 प्रतिशत और अन्य ने 3.95 प्रतिशत मतदान किया है। वहीं खूंखार नक्सली हिड़मा के गांव में पहली बार मतदान हुआ।

गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आज का दिन बस्तर के लिए ऐतिहासिक है। सुकमा जिले का पूवर्ती गांव, जो पहले कुख्यात नक्सली हिड़मा का गृह क्षेत्र था। यहां आजादी के बाद ग्रामवासियों ने पहली बार मतदान किया। यह बदलाव की नई सुबह है, बस्तर बदल रहा है। बस्तर से नक्सलवाद की काली छाया हट रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी अपने परिवार के साथ ग्राम बगिया में मतदान किया। रायगढ़ में मतदान से एक रात पहले सरपंच प्रत्याशी की मौत हो गई। पेंड्रा में सरपंच की जीत का जश्न मनाने पर ग्राम पंचायत तराईगांव के सचिव को निलंबित कर दिया गया है।



**सीएम विष्णुदेव साय ने कांसाबेल में सपरिवार किया मतदान**

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने रविवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने जशपुर जिला अंतर्गत विकासखंड कांसाबेल के शासकीय प्राथमिक शाला, बगिया स्थित मतदान केंद्र क्रमांक-45 में मतदान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने मतदान केंद्र में कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया और निर्वाचन अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ उनकी माताजी श्रीमती जसमनी देवी, धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय, भाई श्री विनोद साय सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने भी मतदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। प्रदेश की समृद्धि और विकास के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

**पूर्वती में आजादी के बाद पहली बार मतदान, सरपंच प्रत्याशी की मौत; नशे में धुत पुलिसकर्मी सस्पेंड**

सचिव किशन राठौर सरपंच के विजय जुलूस में शामिल हुए थे। जांच के बाद रिटर्निंग अधिकारी ने कार्रवाई की है। ग्राम करवा टांगनमाड़ा में शादी के बाद दूल्हा-दुल्हन ने वोट डाला। इसके साथ ही कोरबा के पाली पंचायत के नुनेरा ग्राम में चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी शराब के नशे में पाया गया, जिसे तत्काल निलंबित कर दिया गया है।

**11 हजार 430 मतदान केन्द्र बनाए गए :** अंबिकापुर में 1 बजे तक 55 प्रतिशत वोटिंग हुई है। बतौली ब्लॉक में 55.24 प्रतिशत वोटिंग और लुंड्रा में 54 प्रतिशत मतदान हुआ है। बस्तर संभाग में सुबह 6:45 से 2 बजे तक वोटिंग हुई। प्रदेश में 53 लाख से ज्यादा वोटर के लिए 11 हजार 430 मतदान केन्द्र बनाए गए थे। 26 लाख 37 हजार 306 पुरुष, 26 लाख 91 हजार महिला और 65 थर्ड जेंडर समुदाय के लोग हैं।

**इतने पदों के लिए हुआ मतदान :** सरपंच- 3,802, पंच- 30,990, जनपद सदस्य- 1122 और जिला पंचायत सदस्य- 145 के मतदान हुआ।

**जनप्रतिनिधि भी वोट डालने पहुंचे :** पंचायत चुनाव में जनता के साथ जनप्रतिनिधि भी वोट डालने पहुंच रहे हैं। मरवाही विधायक प्रणव मरपची ने गृह ग्राम ऐंठी में मतदान किया। वे इसी गांव से सरपंच भी रह चुके हैं। प्रणव ने कहा कि, सरपंच गांव के विकास और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण कड़ी होता है।

## छ.ग. विधानसभा का बजट सत्र आज से, 3 मार्च को वित्तमंत्री चौधरी करेंगे बजट पेश : डॉ. रमन सिंह



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में कल यानि 24 फरवरी से बजट सत्र शुरू होगा. इससे पूर्व आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर सत्र की जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि बजट सत्र 24 फरवरी से 21 मार्च तक चलेगा. यह छठवीं विधानसभा का पांचवा सत्र है, जिसमें 17 बैठकें होंगी. वित्त मंत्री ओपी चौधरी के 3 मार्च को बजट पेश करेंगे. इस बजट सत्र में विधानसभा सदस्यों ने कुल 2367 प्रश्न लगाए गए हैं, जिसमें 1230 तारांकित और 1147 अतारांकित प्रश्न है.

डॉ. रमन सिंह ने बताया कि बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा. पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को दी जाएगी श्रद्धांजलि. इसी दिन अभिभाषण के बाद सभी सदस्य निर्माणाधीन नए विधानसभा परिसर का निरीक्षण करने जाएंगे. वहीं नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की जीत पर डॉ रमन सिंह ने कहा कि आज भारत पाकिस्तान के मैच है. उसी अंदर में जवाब दूं तो भाजपा ने हैट्रिक लगाया है. ऐतिहासिक रिजल्ट रहा है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मोदी की गारंटी पूरी करने की दिशा में बेहतर काम किए हैं, मोदी की गारंटी का तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है. विपक्ष से आग्रह है कि सदन की कार्यवाही का अधिक से अधिक उपयोग करें. विधानसभा के बाहर जितना सक्रिय रहे उससे ज़्यादा भीतर सक्रिय रहे तो बेहतर होगा. उन्होंने बताया कि सभी विधानसभा सदस्यों का आईटीएम में दो दिवसीय प्रशिक्षण कराया जाएगा. विधानसभा को पूर्णतः डिजिटलाइजेशन करने की तैयारी है. आईटीएम के प्रशिक्षण के बाद जरूरत के मुताबिक विधायकों की टीम बनाकर प्रशिक्षण के लिए लंदन और सिंगापुर ले जाने पर भी विचार चल रहा है.

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा- बजट में रखा जाएगा सभी वर्गों का ध्यान

इस बार के बजट सत्र को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कल से हमारी सरकार का दूसरा बजट सत्र शुरू होने वाला है. बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा जाएगा. उन्होंने आगे कहा कि पूरा देश जानता है कि हमारी सरकार आने के बाद कैसे काम हुआ है. वहीं सीएम साय ने अपने जशपुर दौरे को लेकर बताया कि आज राज्य में त्रिस्तरीय पंचायती राज का तीसरे चरण का मतदान हैं, सपरिवार हम वोट डालेंगे. इसके बाद स्व. दिलीप सिंह जूदेव मेमोरियल फुटबॉल मैच के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे. बता दें, सीएम साय आज अपने गृहग्राम बगिया में पंचायत चुनाव के लिए वोट डालेंगे।

## दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष होंगी पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी ने कालकाजी विधायक आतिशी को दिल्ली विधानसभा के लिए नेता विपक्ष के नाम पर मुहर लगाई है। विधायक दल की बैठक में यह फैसला हुआ है। आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पार्टी के 22 विधायक आज विधायक दल की मीटिंग में मौजूद थे, जिसमें आतिशी के नाम पर सबने अपनी रजामंदी दी है। दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा। तीन दिवसीय सत्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार ने कहा है कि पिछली आप सरकार के प्रदर्शन के खिलाफ लंबित कैग रिपोर्ट को सदन में पेश किया जाएगा। इस बार के चुनाव में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित पार्टी के कई शीर्ष नेता भी चुनाव हार गए। कालकाजी विधायक आतिशी ने नेता विपक्ष बनाए जाने पर कहा कि मैं ,क्क के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे विधायक दल (एलओपी के रूप में) की जिम्मेदारी दी। जनता ने हमें विपक्ष का कर्तव्य दिया है और आप दिखाएगी कि वह कितना मजबूत विपक्ष है।

## 27 फरवरी को होगा नवनिर्वाचित महापौर-पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे और 70 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 27 फरवरी को इंडोर स्टेडियम, बूढ़ापारा में आयोजित किया जाएगा. यह भव्य समारोह दोपहर 3 बजे से शुरू होगा, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. इस समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, विधायक सुनील सोनी, विधायक मोतीलाल साहू और विधायक पुरंदर मिश्रा सहित भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखी

**दिल्ली (पीआईबी)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के गढ़ा गांव में बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि वे इतने कम समय में दूसरी बार बुंदेलखंड आए हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक केंद्र बागेश्वर धाम जल्द ही आरोग्य केंद्र भी बनेगा। उन्होंने कहा कि बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान 10 एकड़ क्षेत्र में बनाया जाएगा और पहले चरण में 100 बिस्तरों की सुविधा तैयार होगी। उन्होंने इस नेक काम के लिए श्री धीरेन्द्र शास्त्री को बधाई दी और बुंदेलखंड के लोगों को शुभकामनाएं दीं।



**प्रधानमंत्री ने कहा- हमारे मंदिर, हमारे मठ, हमारे धाम, ये एक ओर पूजन और साधन के केंद्र रहे हैं तो दूसरी ओर विज्ञान और सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैं**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आजकल राजनीतिक नेताओं का एक वर्ग धर्म का उपहास उड़ा रहा है और लोगों को बांटने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि कई बार देश और धर्म को कमजोर करने के लिए विदेशी संस्थाओं से भी ऐसे लोगों को समर्थन मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू धर्म से घृणा करने वाले लोग विभिन्न रूपों में लंबे समय से मौजूद हैं। प्रधानमंत्री ने हमारी मान्यताओं, परंपराओं और मंदिरों पर लगातार हो रहे हमलों को उजागर करते हुए कहा कि ये तत्व हमारे संतों, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते हैं। वे हमारे त्योहारों, रीति-रिवाजों और अनुष्ठानों को निशाना बनाते हैं और यहां तक कि हमारे धर्म और संस्कृति की स्वाभाविक प्रगतिशील प्रकृति को बदनाम करने का दुस्साहस करते हैं। श्री मोदी ने हमारे समाज को बांटने और इसकी एकता को तोड़ने के उनके एजेंडे के बारे में बताया। इस संदर्भ में उन्होंने श्री धीरेन्द्र शास्त्री के प्रयासों को उजागर किया, जो लंबे समय से देश में एकता के मंत्र के बारे में जागरूकता बढ़ा रहे हैं। श्री मोदी ने घोषणा करते हुए कहा कि श्री धीरेन्द्र शास्त्री ने कैंसर संस्थान की स्थापना के रूप में समाज और मानवता के कल्याण के लिए एक और संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप बागेश्वर धाम में अब भक्ति, पोषण और स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद मिलेगा।

# संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस के अवसर स्मरणांजलि समारोह का भव्य आयोजन

## दादर पूर्व के योगी सभागृह में किया गया, समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और देवेन्द्र ब्रह्मचारी जी ने दी विनयांजलि

### महावीरायतन फाउंडेशन द्वारा आयोजित समारोह में देवेन्द्र ब्रह्मचारी जी एवं पूर्व मंत्री प्रदीप 'आदित्य' सहित महत्वपूर्ण लोगों ने दी विनयांजलि

### विभिन्न प्रतिभाओं को हुआ सम्मानित

**आचार्य श्री विद्यासागर जी का जीवन सत्य, अहिंसा, और आत्मज्ञान की दिशा में अडिग था : राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े**





**मुंबई (विश्व परिवार)।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई महानगरी में तीर्थंकर भगवान महावीर की अक्षुण्ण परंपरा के महान संत, युग श्रेष्ठ, मूकमाटी रचियता और मम गुरुसंत शिरोमणि प. पू. आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस के अवसर पर स्मरणांजलि समारोह भव्य और श्रद्धा से भरपूर समारोह आयोजित किया गया। इस आयोजन में जैन समाज के तमाम प्रमुख व्यक्तित्वों ने भाग लिया और आचार्य श्री के जीवन और उनके योगदान को विनयांजलि अर्पित की। योगी सभागार मुंबई ज में उमड़े भक्तजन और जनसैलाव ने इस बात को सिद्ध कर दिया कि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के भक्ति में मुंबई समाज किसी से पीछे नहीं है।

कार्यक्रम की शुरुआत राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े द्वारा आचार्य विद्यासागर के फोटो के लोकार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

श्रद्धेय श्री देवेन्द्र ब्रह्मचारी जी के प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में महावीरयातन फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस आयोजन के मुख्य अतिथि महामहिम श्री हरिभाऊ बागड़े, राज्यपाल, राजस्थान रहे। साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रदीप जैन आदित्य जी, फिल्म अभिनेता पद्मश्री मनोज जोशी जी, अभिनेता श्री नितिन देसाई जी, श्री के श्री सी जैन (सी ए), अध्यक्ष-खण्डेलवाल दि. जैन सभा, मुंबई, श्री तरुण जैन काला, परम गुरुभक्त एवं उद्योगपति, और आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के शिष्य बाल ब्रह्मचारी श्री अशोक भैया जी, गुरु भक्त श्री प्रशांत जी उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े ने आचार्य श्री विद्यासागर जी को विनयांजलि देते हुए कहा, आचार्य श्री का जीवन सत्य, अहिंसा, और आत्मज्ञान की दिशा में अडिग था। उनका योगदान न केवल जैन समाज के लिए, बल्कि सम्पूर्ण भारतीय समाज के लिए अनुपम है। उनकी दी हुई शिक्षाएँ हमें समाज में शांति, अहिंसा, और समर्पण के मूल्य सिखाती हैं। राज्यपाल जी ने आयोजन के सूत्रधार देवेन्द्र ब्रह्मचारी जी को सुन्दर आयोजन के लिए धन्यावाद भी दिया और कहा कि आज के युग में एसे गुरुभक्त कम ही मिला करते है जो अपना सब कुछ त्याग कर देश और समाज के लिए आगे आते हैं।

श्रद्धेय देवेन्द्र ब्रह्मचारी जी अपने गुरुदेव आचार्य श्री को याद कर भावुक होते हुए कहा कि गुरु का नाम मात्र लेने से मन भावुकता से भर आता है। ब्रह्मचारी जी ने उनके दीक्षा मार्ग, साधना, और उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री ने अपने जीवन को साधना और समाज सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने भारतीय समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सुधार करने के लिए कई कार्य किए। परम पूज्य गुरुदेव इस संसार से सदा के लिए विदा हो गए, लेकिन उनका जीवन, उनकी शिक्षाएँ और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग की रोशनी आज भी हमारे दिलों में जीवित है। उनका जीवन हम सभी के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है।

कार्यक्रम के दौरान, संत शिरोमणी गुरु विद्या सागर जी के महान ग्रंथ मूकमाटी का विमोचन और भारत गौरव पुस्तक का विमोचन भी किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रदीप जैन आदित्य ने आचार्य श्री के कार्यों और उनके समाज सेवा के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री का योगदान समाज के हर वर्ग के लिए था, उन्होंने हमें यह सिखाया कि हमारे जीवन का उद्देश्य सिर्फ आत्म-उन्नति नहीं, बल्कि समाज के लिए काम करना है।

कार्यक्रम में खण्डेलवाल दिगम्बर जैन सभा, मुंबई के अध्यक्ष श्री के सी जैन, उद्योगपति श्री तरुण जैन काला, और जैन साधक श्री अशोक भैया जी ने भी आचार्य श्री की शिक्षाओं और उनके जीवन को याद करते हुए अपने विचार साझा किए। आचार्य श्री विद्यासागर जी का जीवन केवल धार्मिक क्षेत्र तक सीमित नहीं था। उन्होंने भारतीय संस्कृति, साहित्य, शिक्षा, गौशाला, और हथकरघा उद्योग के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य किए। उनकी लिखित काव्य रचनाएं, जैसे मूक माटी, आज भी भारतीय साहित्य का महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जाती हैं। आचार्य श्री के योगदान से ही कई गोशालाओं का निर्माण हुआ, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार हुए और समाज में नए सामाजिक आदर्श स्थापित हुए। उनकी शिक्षाओं ने भारत में एकजुटता और भाईचारे को बढ़ावा दिया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में कई सहयोगियों का अहम योगदान रहा है, जिनके निरंतर प्रयासों और समाजसेवा से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। तरुण जैन (काला), विकास जी सेठी, के. सी. जैन (सीए), जयेश शाह, अनिल गंगवाल, डॉ विनय जैन, सुरेन्द्र पंड्या, दिनेश गंगवाल, सुरेश पहाड़िया, जमनालाल हवावत, प्रमोद कटारिया, आदित्य जैन पाटनी, शांतिलाल रारा, पदम कासलीवाल, अजित पाटनी, अम्बर कासलीवाल, प्रकाश छावड़ा, मनोज राम मोहन जैन, पदम चंद सोनी, मनोज पाटनी, वैभव जैन, राहुल कासलीवाल, स्वरुप चंद सौगानी, वर्धमान कासलीवाल, ज्ञानचंद बड़जात्या, और मानमल बड़जात्या जी ने अपने योगदान से इस कार्यक्रम को उत्कृष्ट बनाया है। इन सभी सहयोगियों का कार्यक्षेत्र समाजसेवा और उद्योग में उत्कृष्टता के साथ उनकी कड़ी मेहनत ने कार्यक्रम को नया आयाम दिया। कार्यक्रम व्यवस्थापन में श्री अशोक जैन (शास्त्री), रोशन केलावत, अरविंद जैन पदावत, ऊरवा जोशी, नरेश रत्नावत, किशन टीम एवं समस्त जैन समाज मुंबई। भरत जैन, पारस हेमावत, कौशल गांधी, कुमार बोहरा, किशन एंड टीम, शामिल थे।

समारोह में आचार्य श्री विद्यासागर जी के जीवन पर आधारित एक डाक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई, जिसमें उनके साधना, संघर्ष, और समाज सेवा की यात्रा को दर्शाया गया। इसके अलावा, समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया और आचार्य श्री के आदर्शों को फैलाने का संकल्प लिया गया।

माननीय राज्यपाल जी द्वारा समाज सेवा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री तरुण जैन (काला), श्री विकास जी सेठी और श्री महावीर पाटनी जी को 'समाज सेवा रत्न सम्मान' से नवाजा गया। वहीं, श्री अजीत वरैया जी को उनके विशेष कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कला और संस्कृति के क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए पद्मश्री श्री मनोज जोशी जी को कला शिरोमणी सम्मान प्रदान किया गया। श्री के. सी. जैन (सीए) को विशिष्ट समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया, जबकि श्री संदीप बोहरा जी को संगीत रत्न सम्मान से नवाजा गया। यह कार्यक्रम समाज सेवा और कला के क्षेत्र में उनके योगदान को मान्यता देने का एक महत्वपूर्ण अवसर रहा।

समाज के गण्यमान्य व्यक्तियों को श्रद्धेय श्री देवेन्द्र ब्रह्मचारी जी और विशेष व्यक्तित्व द्वारा उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में श्री सुरेन्द्र पंड्या जी, श्री दिनेश गंगवाल जी, श्री भावेश मथुरिया जी, श्री सुरेश पहाड़िया जी, श्री जमनालाल हवावत जी, श्री प्रमोद कटारिया जी, श्री आदित्य जैन पाटनी, श्री शांतिलाल जी रारा, श्री दीपक सावंत जी, श्री पदम कासलीवाल जी, श्री अजित पाटनी जी, श्री अम्बर कासलीवाल जी, श्री प्रकाश छावड़ा जी, श्री मनोज राम मोहन जैन, श्री पदम चंद सोनी जी, श्री मनोज पाटनी जी, श्री वैभव जी जैन, श्री राहुल कासलीवाल जी, श्री स्वरुप चंद जी सौगानी, श्री वर्धमान कासलीवाल जी, श्री ज्ञानचंद बड़जात्या जी, श्री मानमल बड़जात्या जी, श्री अशोक जैन (शास्त्री), श्री नितिन देसाई जी और अभिनेत्री/मॉडल प्राप्ति शुक्ला सहित प्रीति साल्वा गांधी और जयेश गांधी को सम्मान प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान को मान्यता देने का महत्वपूर्ण अवसर रहा।

समारोह का समापन आचार्य श्री के आदर्शों को अपनाने और उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए हुआ। सभी उपस्थित लोगों ने इस महान संत के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और समाज के उत्थान के लिए अपने कर्तव्यों को निभाने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम के लिए देश के कई राजनैतिक एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों के शुभकामना संदेश भी प्राप्त हुए कार्यक्रम की शुभकामनाएँ हेतु। इस अवसर पर सीमा एंड ग्रुप और टीना एंड ग्रुप द्वारा आचार्य विद्यासागर जी महाराज के जन्म की झांकी भावों की भावांजलि के साथ प्रस्तुत की गई।

आयोजन का मंच संचालक संदीप बोहरा जी ने कार्यक्रम को बहुत ही प्रभावशाली और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया, साथ ही अपनी मधुर भजन गायन से सभी उपस्थित लोगों का दिल छू लिया। उनकी भजन प्रस्तुति ने कार्यक्रम में एक दिव्य वातावरण बना दिया। कार्यक्रम को महावीरायतन फाउंडेशन और सकल जैन समाज मुंबई के सहयोग से सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। और मुंबई की जैन समाज के निस्वार्थ गुरु भक्ति का नए स्वर्णिम कीर्तिमान को स्थापित कर दिया है। विश्व वंदनीय जैन संत, भगवान महावीर परंपरा के महान साधक आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के अद्वितीय जीवन और उनके योगदान को स्मरण कर सभी भक्तों ने अपनी भावपूर्ण विनयांजलि प्रस्तुत की। प्रिय गुरुवार आचार्य जी इस संसार से सदा के लिए विदा तो हो गए, लेकिन उनका जीवन, उनकी शिक्षाएँ और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग की रोशनी आज भी हमारे दिलों में जीवित है।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, सोमवार 24 फरवरी 2025
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


## संक्षिप्त समाचार

### सीएम विष्णुदेव साय ने सोगड़ा आश्रम में की पूजा-अर्चना



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर में प्रसिद्ध अघोर संत भगवान अवधूत राम के सोगड़ा आश्रम में मां काली की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में विधि-विधान से पूजा कर प्रदेश के उज्जवल भविष्य और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि धर्म और आस्था समाज को एकजुट करने की शक्ति देते हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से सामाजिक समरसता और विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित में निरंतर कार्य कर रही है और जनता के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ समृद्धि और विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत, पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत श्री यश प्रताप सिंह जूदेव, श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, श्रीमती शांति भगत, श्री कृष्ण राय सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

### उप मुख्यमंत्री, वन मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री का एयरपोर्ट में किया गया आत्मीय स्वागत



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** स्थानीय मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वनमंत्री श्री केदार कश्यप और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल अपने संक्षिप्त एक दिवसीय बस्तर प्रवास में जगदलपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। अतिथियों का स्वागत सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप, महापौर श्री संजय पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि के साथ-साथ कमिश्नर श्री डोमन सिंह, बस्तर आईजी श्री सुंदरराज पी., कलेक्टर श्री हरिस एस., एसपी श्री शलभ कुमार सिन्हा सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

### आपका कबाड़, हमारा जुगाड़ बन गया सेल्फी जोन



**भिलाई (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण में हमारा भिलाई शहर अव्वल आए। इसलिए विभिन्न प्रकार की स्वच्छता की गतिविधियों की जा रही है। इसी तारतम में नगर निगम भिलाई के कुसुम कानून उद्यान में कबाड़ में पड़ी साइकिलों को आकर्षक बनाकर के सेल्फी जोन बनाया गया है। जो सबके लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वही साइकिल है जिसे हम चलाएं, जब पुरानी हो गई तो उसे हम फेंक दिए। नगर निगम भिलाई उसी का एक मॉडल बना करके आपके सामने सेल्फी जोन के रूप में निर्मित किया है। स्वच्छ भारत अभियान में प्रमुख चौक चौराहों पर नगर निगम भिलाई द्वारा डस्टबिन रखा जा रहा है। जहां पर गंदगी लोग फेकते थे, उसी जगह को साफ करके उसे और आकर्षक बनाया जा रहा है। वहां पर टाइल्स लगाया जा रहा है। स्लोगन लिखा जा रहा है। उसे व्यवस्थित बनाया जा रहा है। हमको आपको पता नहीं चल रहा कि वहां पर कभी कचरा फेंका जाता था। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सबसे सहयोग के अपील की है। अगर इंदौर शहर स्वच्छता में पूरे भारत में नंबर वन है। इसमें वहां के नागरिकों का बहुत बड़ा योगदान है। हम सब लोग मिलकर के अगर ठान ले तो हमारा भिलाई भी टॉप टेन में आ जाएगा। इसके लिए हर नागरिक को प्रयास करना होगा।

### छत्तीसगढ़ में नए डीजीपी की तलाश, अब तक यूपीएससी को पैनल नहीं चार नाम हो सकते हैं शामिल

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में डीजीपी के पद के लिए राज्य सरकार द्वारा अब तक स्थायी पैनल नहीं भेजा गया है। पिछले दिनों राज्य के डीजीपी के पद से अशोक जुनेजा के सेवानिवृत्त होने के बाद अरुणदेव गौतम के डीजीपी बनाया गया है। बताया गया है कि वे प्रभारी डीजीपी के रूप में काम कर रहे हैं। स्थायी डीजीपी के लिए राज्य सरकार पैनल यूपीएससी को भेजेगी। आमतौर पर तीन डीजी का पैनल भेजा जाता है। अरुणदेव सहित तीन डीजी पहले से हैं। छत्तीसगढ़ में डीजीपी के पद के लिए राज्य सरकार द्वारा अब तक स्थायी पैनल नहीं भेजा गया है। पिछले दिनों राज्य के डीजीपी के पद से अशोक जुनेजा के सेवानिवृत्त होने के बाद अरुणदेव गौतम के डीजीपी बनाया गया है। बताया गया है कि, वे प्रभारी डीजीपी के रूप में काम कर रहे हैं। स्थायी डीजीपी के लिए राज्य सरकार पैनल यूपीएससी को भेजेगी। आमतौर पर तीन डीजी का पैनल भेजा जाता है। अरुणदेव सहित तीन डीजी पहले से हैं। जीपी सिंह के प्रमोशन के बाद अब चार हो गए हैं। संभव है कि सरकार पैनल में सबको शामिल करे। राज्य शासन के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो प्रदेश में पूर्णकालिक डीजीपी के पद के लिए अभी प्रक्रिया होनी बाकी है। इससे पूर्व में जब अशोक जुनेजा के संविदा नियुक्ति से रिटायर होने के पहले राज्य शासन ने यूपीएससी दिल्ली को तीन अधिकारियों के नामों का पैनल भेजा था।

---

उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में साइंस सिटी के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक आयोजित

# साइंस सिटी को समयबद्ध रूप से पूरा कर नवीनतम तकनीकों का समावेश करें : डिप्टी सीएम विजय शर्मा

**देश का छठवां साइंस सिटी की स्थापना नवा रायपुर में होगी, नवा रायपुर में 30 एकड़ भूमि में बनेगा साईंस सिटी**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नया रायपुर में प्रस्तावित साइंस सिटी को लेकर आज उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। देश का छठवां साइंस सिटी की स्थापना नवा रायपुर में किया जाएगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग श्री रेणु जी पिल्लई, डायरेक्टर जनरल सीआरएससी डॉ. एस कर्मकार के सहित विभिन्न विभाग और विशेषज्ञों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य साइंस सिटी की अवधारणा, उसके उद्देश्यों, समाज पर प्रभाव, आर्थिक संभावनाओं और परियोजना के क्रियान्वयन की विस्तृत योजना पर चर्चा की। इस दौरान विज्ञान नगरी के स्वरूप और इसकी उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि साइंस सिटी नवा रायपुर के सेक्टर 13 में 30 एकड़ भूमि में एक अत्याधुनिक विज्ञान केंद्र के रूप में विकसित की जाएगी, जिसमें शिक्षा और मनोरंजन का अनूठा संगम होगा। विज्ञान नगरी को एडुटेनमेंट (शिक्षा + मनोरंजन) की अवधारणा पर आधारित रखा जाएगा, जिससे छात्रों, युवाओं और आम नागरिकों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि विकसित करने का अवसर मिलेगा। यह केंद्र वर्चुअल रियलिटी (VR), इमर्सिव डिस्प्ले, डिजिटल इंटरैक्टिव तकनीकों का उपयोग करेगा, जिससे आगंतुकों को विज्ञान की गहरी समझ विकसित करने में सहायता मिलेगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि साइंस सिटी को छात्रों, शोधकर्ताओं, पर्यटकों और आम जनता के लिए आकर्षक और ज्ञानवर्धक बनाये।

साइंस सिटी में विज्ञान पार्क, थ्रीडी थिएटर, अंतरिक्ष एवं खगोल विज्ञान केंद्र, जलवायु परिवर्तन गैलरी, रोबोटिक्स एवं ऑटोमेशन लैब, स्मार्ट क्लासरूम, अनुसंधान प्रयोगशालाएं और इंटरएक्टिव डिस्प्ले हॉल जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी। ये सभी सुविधाएं आगंतुकों को विज्ञान से जोड़ने और उन्हें नवीनतम वैज्ञानिक खोजों से अवगत कराने में सहायक होंगी। बैठक में साइंस सिटी के उद्देश्यों पर भी चर्चा की गई। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ यह केंद्र छात्रों को प्रायोगिक शिक्षा प्रदान करने में भी सहायक होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि साइंस सिटी का उद्देश्य केवल ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करना और अनुसंधान को प्रोत्साहित करना का भी हो। इसके तहत स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को विज्ञान के बुनियादी सिद्धांतों को अनुभवात्मक रूप में सिखाने का मौका मिले।

अधिकारियों ने बताया कि यह केंद्र नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करेगा, जहां युवा वैज्ञानिक और शोधकर्ता अपने विचारों को विकसित कर सकेंगे। साइंस सिटी केवल एक शैक्षिक केंद्र ही नहीं होगी, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी योगदान देगी। यह साइंस सिटी विज्ञान पर्यटन को प्रोत्साहित करेगी, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को भी लाभ मिलेगा। विज्ञान नगरी में पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास से जुड़े विषयों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा, जिससे प्रदेश के नागरिकों में जागरूकता बढ़ाई जा सके। बैठक में साइंस सिटी के क्रियान्वयन की रूपरेखा पर भी विचार किया गया। निर्माण कार्य, आवश्यक बुनियादी ढांचे, वित्तीय संसाधनों और प्रशासनिक व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि साइंस सिटी को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए और इसमें नवीनतम तकनीकों का समावेश किया जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना प्रदेश के युवाओं और छात्रों को विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह परियोजना केवल छत्तीसगढ़ के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए विज्ञान शिक्षा और नवाचार को नई दिशा प्रदान करेगी।

उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि साइंस सिटी के निर्माण तकनीकी नवाचारों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि यह परियोजना भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा कर सके।

---

# धार्मिक, आध्यात्मिक और पौराणिक रूप से समृद्ध है छत्तीसगढ़ की धरती : अरुण साव



**उप मुख्यमंत्री ने शिवरीनारायण महोत्सव का किया शुभारंभ, अटल परिसर का लोकार्पण भी किया**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज माता शबरी की नगरी शिवरीनारायण में शिवरीनारायण महोत्सव का शुभारंभ किया। जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण में महंत लाल दास महाविद्यालय मैदान में 23 फरवरी से 26 फरवरी तक इसका आयोजन किया गया है। चार दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन होंगे। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े और विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश भी शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुईं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने शिवरीनारायण नगर पंचायत में प्रतीक्षा बस स्टैंड में नवनिर्मित अटल परिसर में भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण कर अटल परिसर का लोकार्पण भी किया।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने शिवरीनारायण महोत्सव का मुख्य अतिथि के रूप में शुभारंभ करते हुए कहा कि त्रिवेणी संगम पर बसा शिवरीनारायण का प्रसिद्ध मेला हमारी संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। शिवरीनारायण की प्रसिद्धि प्राचीन काल से चली आ रही है। यहां के मेले की ख्याति पूरे छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों में भी हैं। हमारा शिवरीनारायण आस्था और श्रद्धा का केंद्र हैं, यह पवित्र धाम है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और सभ्यता बहुत ही गौरवशाली रही है। छत्तीसगढ़ की धरती धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पौराणिक रूप से समृद्ध है। इसमें शिवरीनारायण का महत्वपूर्ण स्थान है। शिवरीनारायण छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध तीर्थस्थल है।

---

## लव फॉर ह्यूमैनिटीज नीव सामाजिक संस्था द्वारा पद्मश्री भजन सम्राट अनूप जलोटा का भजन संध्या कार्यक्रम सम्पन्न



**रायपुर (विश्व परिवार)।** लव फॉर ह्यूमैनिटीज नीव सामाजिक संस्था के द्वारा, प. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम रायपुर में पद्म श्री भजन सम्राट अनूप जलोटा जी का भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 22-02-2025 को रायपुर के प्रथम नागरिक एवं नव निर्वाचित महापौर श्रीमती मीनल चौबे की मुख्य आतिथ्य व समाजसेवी व भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नैता श्री मनमोहन चावला की अध्यक्षता मे चैरिटी सो का आयोजन किया गया।

लव फार ह्यूमैनिटीज नीव सामाजिक संस्था के द्वारा 25 नेत्रहीन बालिकाओं को एक वर्ष की शिक्षा हेतू 135000 एक लाख पैंतीस हजार व पैर से विकलांग जो जीवन यापन करने मे असमर्थ है उन्हे 15000 हजार मुख्य अतिथी मीनल चौबे तथा श्री मनमोहन चावला जी के द्वारा राशि प्रदान किया गया। इसके अलावा रायपुर शहर मे मृत्यु के पश्चात पांच परिवार के देहदान किए गए परिवार के सदस्यो को श्रीफल व शाल से सम्मान किया गया।कार्यक्रम मे सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी आर चन्द्राकर, समाजसेवी श्री सुभाष राठी, विपिन विरानी, राघवेन्द्र मिश्रा, डॉ नीता शर्मा, गोकुल डागा अरूण सिंघानिया, शांति लाल बरडिया, मंच संचालक अर्चना जैन की उपस्थति मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## आकाशगंगा ढिल्लन काम्पलेक्स में भौतिक सत्यापन करने पहुंचा निगम का दल



**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई के आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर में ढिल्लन काम्पलेक्स निर्मित है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार दल का गठन किया गया है। जो उक्त स्थल की जांच एवं भौतिक सत्यापन/परीक्षण करेगा और उसका वास्तविक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। गठित दल में प्रमुख रूप से उपायुक्त सह विधि अधिकारी नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन-1 आयुक्त अजय सिंह राजपूत, सहायक राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, धीरज साहू, उपअभियंता दौलत चंद्राकर, सिद्धार्थ साहू, प्रभारी उपअभियंता बसंत साहू, प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी, शशांक सिंह, सर्वेयर जगमोहन वर्मा एवं ट्रेसर उमेश साहू को शामिल किया गया है।

दल के सदस्य प्रस्तावित स्थल पर जाकर यह पता करेगा, कि भवन अनुज्ञा कितने पर लिया गया है, कितने का भवन पूर्णता: प्रमाण पत्र लिया गया है एवं वर्तमान में उसका वास्तविक स्थिति क्या है। स्थल पर कोई अतिरिक्त निर्माण तो नहीं किया गया है, वहां पर कौन-कौन किरायेदार है और उसका वास्तविक मालिक कौन है। इसी वास्तविकता की जांच करने के लिए आज गठित दल के सदस्य गए थे। सभी दुकानो का भौतिक सत्यापन किया गया है, वहां पर वास्तविक कब्जाधारी है, कुछ लोगों ने कागज दिखाये, ज्यादातर लोगों ने किरायेदारी के रूप में लिए है या खरीदी-बिक्री कर लिया है। सभी के दस्तावेजो को मंगवाया गया है, उसकी जांच कर भौतिक सत्यापन/परीक्षण कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट किया जायेगा।

## साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की फरवरी माह की मासिक गोष्ठी वृंदावन हॉल में आयोजित हुई



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सचिव नीता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की शुरुआत कर सबका अभिनंदन किया, सर्वप्रथम माँ सरस्वती व स्व शांति यदु के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया आयोजक सुरेंद्र रावल, अध्यक्ष डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, डॉ चितरंजन कर, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, आचार्य अमरनाथ त्यागी सर ने, माँ शारदे की सुमधुर वंदना प्रज्ञा त्रिवेदी ने प्रस्तुत की। आचार्य अमरनाथ त्यागी जी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र रावल ने, डॉ चितरंजन कर का स्वागत दिलीप वरवंडकर द्वारा, डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव का स्वागत मंजु यदु द्वारा, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु का स्वागत धर्मेंद्र रावल ने पुष्प गुच्छ देकर किया। संचालन का भार 16 विषयों में मास्टर डिग्री लेने वाले डॉ सुरेश तिवारी ने संभाला। बड़े ही उम्दा अंदाज में बेहतरीन पंक्तियों से कवियों को मंच पर आमंत्रित किया, फागुनी रंग में रंगे साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं का दरिया ऐसे बहाया कि टेसू दहक उठे और आम्रकुंज पर कोयल भी कूक उठी। गीत ग़ज़ल कविताओं से सभागार गूंज उठा। ऋचा का स्थापना दिवस अप्रैल में मनाया जायेगा उसी से संबंधित दिशानिर्देश देते हुए ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर सदस्यों से चर्चा की एक और महत्वपूर्ण कार्य पर प्रकाश डाला गया कि ऋचा की स्मारिका अप्रैल माह में ही आ रही है और इसके संपादक डॉ चितरंजन कर है, टीम में के पी सक्सेना, सुरेंद्र रावल और मधु सक्सेना विशेष भूमिका में होंगे। आज के कार्यक्रम में इनकी सहभागिता रही- आशामानव, लतिका भावे, चंद्रकांता अग्रवाल, माधुरीकर, डॉ सीमा श्रीवास्तव, डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, साधना सक्सेना, मधु सक्सेना, नीता श्रीवास्तव, मंजु यदु, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, के पी सक्सेना, अमरनाथ त्यागी, चितरंजन कर, दिनेश गौतम, दिलीप वरवंडकर, सुरेश तिवारी, अंजु यदु, सुनीता वर्मा, मीना शर्मा, प्रभा तिवारी, प्रज्ञा त्रिवेदी, पारुल रावल, धर्मेन्द्र रावल आदि। सुरेंद्र रावल ने आभार प्रेषित कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

## शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** शासकीय दाऊ कल्याण एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदा बाजार में प्राचार्य डॉ. एआरसी जेम्स की अध्यक्षता में गणित विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का कार्यक्रम रखा गया था। जिसका शीर्षक How we can create Interest in* *Mathematics था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ . पुरुषोत्तम झा, प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय, कोमाखान, डॉ हेमलाल साहू, सहायक प्राध्यापक जे. योगानन्दम शा. छ .ग. पी.जी. महाविद्यालय रायपुर, चन्द्रशेखर डहरिया, सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय लवन, श्रीमती जीविका वर्मा, शिक्षक शासकीय कन्या शाला बलौदाबाजार, श्रीमती पुनम बिशी, शिक्षक शासकीय विद्यालय भाटागाँव एवं महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों एव प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्जलन एवं सरस्वती वंदना से की गई। तत्पश्चात स्वागत गीत के साथ अतिथियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रध्यापकों का स्वागत-अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए गणित की विभागाध्यक्ष श्रीमती नीरजा नामदेव द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य महोदया ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओ एवं गणित विभाग को इस आयोजन हेतु बधाई दी। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा संबोधन एवं पीपीटी की प्रस्तुतिकरण किया गया। पीपीटी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को गणित का महत्व एवं विशेषताओं का प्रभावी ज्ञान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य के अनुसार महाविद्यालय के कुछ छात्रों द्वारा भाषण एवं पीपीटी का भी प्रदर्शन किया गया। विद्यालयीन शिक्षको का भी बहुमुल्य विचार छात्र-छात्राओं को मिला। उसके बाद उपस्थित सभी अतिथियों, अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी के द्वारा राष्ट्रीय गान गा कर किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक श्रीमती नीरजा नामदेव (विभागाध्यक्ष गणित), सह-संयोजक श्रीमती लकेश्वरी साहु, श्रीमती कंचन कश्यप एवं समस्त महाविद्यालय परिवार।

## देर रात अटल नगर नवा रायपुर में ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों के विरूद्ध पुलिस की अभियान कार्यवाही



**23 वाहन चालकों का वाहन किया गया जप्ती सभी प्रकरण कोर्ट पेश में पेश किया जायेगा**

**सभी वाहन चालको का लाइसेंस निलंबन भी किया जायेगा**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के आदेशानुसार रायपुर पुलिस द्वारा कल देर रात अटल नगर नवा रायपुर ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाते हुए शहर के तीन प्रमुख स्थान श्रीराम मंदिर के पास, फुण्डहर चौक एवं एयरपोर्ट टर्निंग नवा रायपुर में बेरिकेटिंग कर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें यातायात पुलिस एवं थाना तेलीबांधा, मंदिर हसौद एवं राखी स्टॉफ द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए 23 शराबी वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्यवाही करते हुए प्रकरण निराकरण हेतु कोर्ट भेजा जाएगा।

बता दें कि शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन में ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालक सबसे बड़ी बाधा है। नशे की हालत में होने के कारण स्वयं तथा दूसरे वाहन चालक के जान के लिए जोखिम भरा होता है। ऐसे वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही हेतु रायपुर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही की जाती है।

इसी क्रम शनिवार 22 फरवरी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर डॉ प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन में रायपुर पुलिस द्वारा शहर के श्रीराम मंदिर के पास, फुण्डहर चौक एवं एयरपोर्ट टर्निंग नवा रायपुर में बेरिकेटिंग कर चेकिंग अभियान चलाया कर 23 नशेड़ी वाहन चालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्यवाही करते हुए प्रकरण निराकरण के लिए कोर्ट भेजा गया।सभी वाहन चालको का लाइसेंस भी निलंबन के लिए परिवहन कार्यालय भेजा जायेगा।

# गंदगी बर्दाश्त नहीं शहर को बनाएंगे स्वच्छ एवं सुंदर - कृष्ण कुमार गोयल

**नगर पंचायत की सफाई एवं सजावट में जूता महकमा**

**टीम भावना के साथ दुर्त गति से हो रही है सफाई**

**गोपाल सिंह विद्रोही**





**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**- दिसंबर 24 में गठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में गार्बेज की पहाड़ियां, बज बजातियों नालियां ,गंदगी से पटा सड़के की साफ सफाई करने के साथ साथ शहर को रंगीन बतिया से सजावट करने में जुटे नगर पंचायत अध्यक्ष अपनी पुरी टीम के साथ ।

जानकारी के अनुसार पिछले 14 दिसंबर को ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिला बाल विकास मंत्री एवं भटगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर दी। 14 दिसंबर 2024 को नगर पंचायत का दर्जा मिलते हैं नगर पंचायत के प्रथम अध्यक्ष के रूप में कृष्ण कुमार गोयल बल्लू शपथ ग्रहण करने के पश्चात अपने टीम के नगर पंचायत शिवनंदनपुर उपाध्यक्ष श्यामू साहू सदस्यों में धर्मेंद्र गुप्ता, सरदार मनी बग्गा, सीती कांत स्वाई,श्रीमती अनीता सिंह एवं प्रमिला साहू ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर की गली ,मोहल्ला, सड़कके, नालियों की सफाई कर स्वच्छता की मिसाल पेश की जाए। इसी कड़ी में नगर पंचायत के इन सदस्यों ने नगर पंचायत के गलियों, मोहल्ले ,नालियों, सड़कको की सफाई में जुट गए। सीएमओ सुनील कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में वरिष्ठ कर्मचारी गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, ललन सिंह की अगुवाई में सफाई अभियान की शुरुआत की है जो प्रतिदिन निरंतर युद्ध गति से सफाई अभियान का संचालन किया जा रहा है ।इस संबंध में नगर पंचायत शिवनंदनपुर के विभिन्न गलियों का अवलोकन करने पर पाया गया कि प्रोजेक्ट ऑफिस, से अंबेडकर चौक , डी ए वी पब्लिक स्कूल से राजकुमार पब्लिक स्कूल तक,अग्रसेन भवन के आस पास,मिलन चौक से भाटूपरा का सफाई एवं कूड़े करकट की गार्बेज को जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर लगाकर की गई। इस अभियान में अब तक डेट से 200 ट्रैक्टर कूड़े करकट उठाकर फेंका गया।

उक्त संबंध में नगर वासियों ने बताया कि जिन मार्गो की सफाई युद्ध स्तर पर की जा रही है उस मार्ग में चलना मुश्किल था। नगर पंचायत द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान सराहनीय है। नगर वासियों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए सफाई अभियान अति आवश्यक है। नगर वासियों ने बताया कि देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने पूरे देश में स्वच्छता अभियान को प्राथमिकता के आधार पर चलाया था जिसमें अच्छे-अच्छे सेलिब्रिटी ,गांव गांव ,शहर शहर,गली गली ,मोहल्ले मोहल्ले, बुद्धिजीवी वर्ग, ग्रामीण जन ,नेता अभिनेता सभी जुड़कर स्वच्छता के प्रति अभियान चलाया। अभियान का यह प्रतिफल रहा कि हर व्यक्ति अपने मोहल्ले की सफाई में जुट गया। शिवनंदनपुर ग्राम पूर्व में पंचायत था इसका क्षेत्रफल बड़ा था और सफाई अभियान नहीं चल पा रहा था, परंतु प्रदेश के यश मुख्यमंत्री विष्णु देव से एवं तेज तर्रार महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त हुआ जिससे ग्राम शिवनंदनपुर को अभिशाप से मुक्ति मिला ।ग्रामीणों ने बताया कि जिस तरह से नवगठित नगर पंचायत के नवनियुक्त अध्यक्ष के के बलू गोयल यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी की स्वच्छता अभियान को गति दे रहे हैं वह वास्तव में प्रसंसनीय है।

बहरहाल नगर पंचायत शिवनंदनपुर के नवपदस्थ अध्यक्ष के के बल्लू गोयल अपनी पूरी टीम के साथ सफाई अभियान को प्राथमिकता देते हुए दिन रात कर्मचारियों के साथ लगे हुए। दो दिनों से मुख्य मार्ग में लगी सड़क बस्तियां के खाबो में रंगीन एलईडी लाइट लगाकर शहर को सजावट की जा रही है लोगों ने इस कार्य के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उनकी पूरी टीम को तारीख की है।

## संक्षिप्त समाचार

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही किशोर कुमार खलखो हुए निलंबित

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार )**-किशोर कुमार खलखो (उप अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उप संभाग ओड़गी) की ड्यूटी कार्यालयीन आदेश अनुसार सेक्टर क्रमांक 8 (ग्राम पंचायत बेदमी, करवां, मसनकी) के रूप में लगाई गई थी। श्री खलखो 22 फरवरी को जनपद पंचायत ओड़गी के मतदान दलों को सामग्री वितरण के समय बिना अनुमति के कार्य से अनुपस्थित पाये गये ।

उक्त कृत्य आदर्श आचार संहिता के दौरान निर्वाचन कार्यों में घोर लापरवाही का द्योतक है तथा पदीय दायित्वों के निर्वहन नहीं किये जाने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लघंन किये जाने के कारण छ.ग. सिविल सेवा वर्गीकरण एवं अपील नियम 1966 के नियमों में दिये गये प्रावधानों के अनुसार उन्हें कलेक्टर श्री एस जयवर्धन द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। श्री किशोर कुमार खलखो, उप अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उप संभाग ओड़गी, की निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सूरजपुर निर्धारित किया जाता है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा ।

### सूरजपुर जिले के ओड़गी में 71.80 और प्रतापपुर में 73.68 प्रतिशत हुआ मतदान



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार )**-त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुआ।जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर 3 बजे तक ओड़गी 71.80.और प्रतापपुर में 73.68. प्रतिशत सहित कुल72.96 प्रतिशत मतदान हो चुका था जिसमें महिला मतदाताओं का प्रतिशत 72.60 और पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 73.32 शामिल है और लाइन में लगे मतदाताओं को टोकन बांटकर मुख्य द्वार बंद कर मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मतदान केंद्रों पर सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिलीं। मतदान व्यवस्था का जायजा लेने कलेक्टर जी एस हर्षवर्धन एवं एसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने आज दोनों विकासखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रशासन द्वारा मतदान को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। बुजुर्ग मतदाता लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भूमिका निभाने पहुंचे।

# नशा में धुत युवकों ने पूरे परिवार को लाठी डंडे से कि कुटाई कर






**जयनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला किया दर्ज**

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार )**--जिला सूरजपुर थाना जयनगर के ग्राम पंचायत रविंद्र नगर स्कूल में 21 ,2,.2025 को रात 9 बजे शासकीय स्कूल में मोहित मालाकार समर सिकदर बिरजू दास सोनू मंडल अभय खैराती जितेंद्र नमन सरकार आकाश शाह भैया घोष पवन विश्वास मनीष नितिन के द्वारा दारू पार्टी मनाया जा रहा था और अश्लील गाली दिया जा रहा था और स्कूल के बगल में निवास अनिकेत देवनाथ ,उनके परिवार द्वारा गली कॉलेज का विरोध किया तो सभी आरोपी एकजुट होकर उनके घर में घुसकर महिला पुरुष बच्चों से लाठी डंडा फव्वारा चाकू रॉड से जान लेवा हमला कर दिया उनके चार-पांच परिवार सभी को घर में घुसकर बेहरमी पूर्वक सभी सदस्यों से मारपीट की महिला को भी घर से घसीट कर निकाल कर जमकर मारपीट किया जिसे सभी को गंभीर चोटे आई गर्भवती महिला काजल देवनाथ को मारपीट किए पेट में लात भी मारे जिससे गंभीर हालत में अंबिकापुर हॉस्पिटल में भर्ती किए गए हैं अनिकेत देवनाथ की रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस आरोपी मोहित मालाकार बिरजू दास आकाश शाह साहिल सिकदर समीर सिकदर सोनू मंडल अन्य व्यक्ति के खिलाफ बलवा की धारा 294, 351(3) 115(2) 115(3) 191(2) 191(3) का केस दर्ज किया है अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई

# कलेक्टर अजीत और एसपी सिद्धार्थ ने किया पाली महोत्सव आयोजन स्थल का निरीक्षण

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने पाली के केराझरिया में 26 और 27 को आयोजित होने वाले दो दिवसीय पाली महोत्सव के आयोजन की तैयारियों के संबंध में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने मंच, बैठक व्यवस्था हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पार्किंग, वीआईपी बैठक व्यवस्था, विभागीय स्टॉल सहित अन्य व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यक्रम के आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए मंच में आवश्यक व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने यहाँ पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कलाकारों के ठहरने की व्यवस्था और प्रवेश पास के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने 26 फरवरी को आयोजित होने वाली साइकिल रेस प्रतियोगिता की तैयारी के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने आपात स्थिति की तैयारी हेतु एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन की व्यवस्था के संबंध में भी निर्देशित किया। एसपी तिवारी ने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर मनोज कुमार, एसडीएम सीमा पात्रे, एडिशनल एसपी, पीडब्ल्यूडी समेत अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा की जमानत याचिका खारिज

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा की छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अनिल टूटेजा प्रदेश में हुए 2,100 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया गया है। मामले में टूटेजा की ओर से हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई गई है,जिस पर शनिवार को सुनवाई हुई और हाईकोर्ट ने टूटेजा की जमानत याचिका खारिज कर दी। बता दें कि शराब नीति घोटाले, अवैध कमीशन वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में आरोप में पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा को ईडी ने 2024 में मामले में पिछले साल अप्रैल में गिरफ्तार किया था। ईडी ने अनिल टूटेजा को 2,100 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाले में शराब सिंडिकेट का सरगना करार दिया है। एजेंसी ने अदालत में दिए अपने बयान में दावा किया कि छत्तीसगढ़ में सक्रिय शराब सिंडिकेट चलाने के लिए राज्य प्रशासन के प्रबंधन में उनकी प्रत्यक्ष भागीदारी के साक्ष्य एकत्र किए गए हैं।

# अंतिम चरण के मतदान के दौरान कलेक्टर एस पी ने किया मतदान केंद्रों का सघन दौरा

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-आज त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतिम तृतीय चरण के मतदान कार्यक्रम के तहत ओड़गी और प्रतापपुर विकासखंड क्षेत्र में मतदान किया जा रहा है। इस दौरान मतदान की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था का जायजा लेने के लिए कलेक्टर श्री एस जयवर्धन एवम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर ने दोनों विकासखंड का द्वारा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों का जायजा लिया एवम दोनों विकासखंड के सभी मतदान केंद्रों में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करवाने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम प्रतापपुर श्रीमती ललिता भगत, जनपद सीईओ सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस बल उपस्थित थे। कलेक्टर एवम एसपी ने अपने दौरे में मतदान केंद्र क्रमांक 206 , प्राथमिक शाला सेमराखुर्द , प्रा शाला स्कूल पोड़ी मतदान केंद्र का दौरा किया। इस दौरान मतदान केंद्र में अपने पोते सुखराम के साथ आई 87 वर्षीय वरिष्ठ मतदाता श्रीमती मोहरमनिया से कलेक्टर एवं एस पी ने बातचीत की। इस दौरान उन्होंने उनके स्वास्थ्य के साथ साथ मतदान के अनुभव के बारे में पूछा। मतदान के लिए आने एवम लोगों को अपने मतप्रयोग के लिए प्रेरित करने के लिए श्रीमती मोहरमनिया का कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने धन्यवाद दिया। इसके अलावा उन्होंने लाइन में लगे अन्य मतदाताओं से बातचीत कर उनका अनुभव जाना। इसके अलावा उन्होंने ओडगी विकासखंड के प्राथमिक शाला पकनी, प्राथमिक शाला ओडगी सहित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान प्रगति और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया । उन्होंने मतदान समाप्ति समय 03 बजे को ध्यान रखकर व्यवस्था अनुरूप लाइन में लगे लोगों को टोकन बांटने एवम मुख्य द्वार बंद करने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों को कहा। इसके अलावा पुलिस पेट्रोलिंग टीम को भी शांति बनाए रखने के लिए अलर्टमोड में पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए।



### क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह का माता श्री सुशीला देवी का निधन



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-एस ई सी एल बिश्रामपुर के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह की माता श्री सुशीला देवी का आज दुखद निधन हो गया वे 65 वर्ष की थी। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह की माता श्री लंबे समय से बीमार चल रही थी। आज प्रात: उन्होंने अंतिम सांस लिया स्वर्गीय सुशीला देवी का अंतिम संस्कार हेतु पार्थिव शरीर को लेकर पुत्र अमरिंदर सिंह अपने गृह ग्राम बिहार के लिए प्रस्थान की ।इस दुखद समाचार की जानकारी जैसे ही अधिकारियों श्रमिक नेताओं एवं आम जनों की लगी उनके निवास पहुंचकर दुखद निधन पर क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी को लोगों ने सांत्वना दी तथा गहरा दुख व्यक्त किया तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# बालको की पहल ने कैंसर के रोकथाम की दिशा में बढ़ाया मजबूत कदम



**कोरबा-बालकोनगर(विश्व परिवार)।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) हर साल, लोगों को कैंसर का समय रहते पता लगाने और उसके रोकथाम के महत्व के बारे जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करता हैं। बालको सक्रिय रूप से अपने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं समुदाय को कैंसर का समय पर पता लगाने और रोकथाम के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है। यह समझते हुए कि महिलाएँ अपने परिवार के स्वास्थ्य की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, बालको कैंसर के प्रति जागरूकता को प्राथमिकता देता है, और यह सुनिश्चित करता है कि वे स्वास्थ्य सम्बन्धित निर्णय लेने के लिए आवश्यक ज्ञान से परिपूर्ण हों। इन जागरूकता वार्ता और सत्रों का उद्देश्य महिलाओं को कैंसर की रोकथाम के बारे में ज्ञान प्रदान करना,और एक स्वस्थ समाज को बढ़ावा देना है। जागरूकता कार्यक्रमों के अलावा, बालको ने स्थानीय समुदायों में कई नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर आयोजित किए हैं। इन शिविरों में स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, सिर और गर्दन के कैंसर की जांच के साथ-साथ मैमोग्राफी, पैप स्मीयर टेस्ट, ब्रश साइटोलॉजी, विशेषज्ञ परामर्श और सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाती हैं। हाल ही में, बालको ने अपनी महिला कर्मचारियों के लिए सब्सिडी वाले एचपीवी टीकाकरण शिविर का भी आयोजन किया था। जिसमे 140 से अधिक कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों ने अपनी बेटियों के साथ स्वेच्छा से टीके की पहली खुराक लिया। इस स्वैच्छिक पहल ने बालको की महिला कर्मचारियों को एक स्वस्थ वातावरण में अपने स्वास्थ्य की सक्रिय रूप से रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया। कैंसर जागरूकता के महत्व के बारे में बात करते हुए, बालको के सीईओ और निदेशक, श्री राजेश कुमार ने कहा, कि कैंसर सिर्फ बीमार व्यक्ति को ही नुकसान नहीं पहुँचाताय यह उसके दोस्तों और परिवार को भी प्रभावित करता है। लोगों को कैंसर के बारे में बताकर, उन्हें इसके बारे में जल्दी पता लगाने में मदद करके और स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करना आसान बनाकर, हम आने वाली समस्याओं को कम करना चाहते हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि समुदाय में हर कोई, जिसमें कर्मचारी और उनके परिवार भी शामिल हैं, यह जानते हो कि अपने स्वास्थ्य का ख्याल कैसे रखना है क्योंकि कैंसर के बारे में जल्दी पता लगाने और समय पर मदद मिलने से बहुत फर्क पड़ सकता है। बालको के प्रयासों की सराहना करते हुए, श्री बद्री किरण, पार्षद, परसाभाटा ने कहा, कि कैंसर हमारे समुदायों में एक बढ़ती हुई चिंता है, और जागरूकता की कमी के कारण अक्सर देर से पता चलता है, जिससे परिवारों के लिए उपचार अधिक चुनौतीपूर्ण और महंगा हो जाता है।

### ग्रामीण की हत्या कर कुंए में फेंकी लाश

**अंबिकापुर(विश्व परिवार)।** जिले के ग्राम पसरा में हत्या की सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां ग्रामीण की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर उसकी लाश को कुएं में फेंक दिया गया था। मामला कोटवानी थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार कोटवानी थाना पुलिस को ग्राम पसरा में एक व्यक्ति की कुंए में लाश होने की सूचना मिली। जिसपर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक की पहचान मुन्ना राम चेरवा (40 वर्षीय) के रूप में हुई है।



# संपादकीय

## कांग्रेस संगठन में बदलाव

देश की सबसे पुरानी पार्टी में ताजा बदलाव हवा के ताजा झोंके की तरह है। कांग्रेस ने अपने संगठनात्मक बदलाव शुरू कर दिए हैं। 3 दिन पहले पार्टी ने 2 राज्यों के महासचिव और 9 के लिए प्रभारियों नियुक्त की है। खास बात है कि इस फैसले पर राहुल गांधी की छाप खास नजर आ रही है। बानगी के तौर पर युवाओं को मौका देने के साथ ही ओबीसी और अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को भी तरजीह दी गई है। दरअसल, कांग्रेस फिलवक्त अपने सबसे चुनौतीपूर्ण और मुश्किल दौर में है। जब से पार्टी ने केंद्र की सत्ता गंवाई है उसके बाद से ही उसे खुद को साबित करने के लिए जूझना पड़ रहा है। कई अजीज और पार्टी की वर्षो से खिदमत करने वाले निष्ठुरता के साथ %हाथ' को झटकते हुए धुर विरोधी सोच वाली पार्टी के खेवनहार बन गए। गौर करने वाली यह है कि किसी भी पार्टी के लिए सत्ता गंवाना उतना कष्टप्रद नहीं रहता जितना वफादार कार्यकर्ताओं का साथ छोड़ जाना। बहरहाल, कांग्रेस ने अनुभवी और परखे हुए नेताओं को जिम्मेदारी देने के साथ-साथ युवा चेहरों को खास तवज्जो दी है। साथ ही राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय के एजेंडे को धार देने के लिए कांग्रेस के संगठन में भी सामाजिक न्याय की कवायद शुरू कर दी है। राहुल 2024 में संपन्न लोक सभा चुनाव के समय से ही सामाजिक न्याय की वकालत और इसे धार देने की कोशिश में जी-जान से जुड़े दिखते हैं। खासकर जाति जनगणना की मांग और पिछड़ों व दलितों की हिस्सेदारी को लेकर वो काफी मुखर रहे हैं। संगठन में बदलाव भी उनकी इसी सोच को परिलक्षित करता दिखता है। पार्टी संगठन में जिन 11 लोगों की नियुक्त हुई है, उसमें चार ओबीसी, दो दलित, एक आदिवासी और एक अल्पसंख्यक समाज से हैं, तीन सवर्ण वर्ग से हैं, जिनमें रजनी पाटिल, मीनाक्षी नटराजन और कृष्ण अल्लावरु हैं। साफ है कि राहुल अपनी सामाजिक न्याय की लड़ाई को विस्तार देने की जुगत में संजीदगी से लगे हैं। यह सब इस मायने में सही माना जाएगा कि नेता जो कहता है, उसे करता भी है। अभी तक कांग्रेस की राजनीति सवर्ण, दलित और अल्पसंख्यक समाज पर केंद्रित थी, जिसे भाजपा ने बेहद सफाई से अपने पाले में कर दिया। संगठन में बदलाव के बहाने अगर पार्टी के आत्मविश्वास में इजाफा होगा तो यह आने वाले दिनों में निस्संदेह सुकूनपरक होगा।

# शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा सामुदायिक प्रतिबद्धता को पूरा करने का एक बेहतर विकल्प:सामुदायिक रेडियो

डॉ. राहुल तिवारी
सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष
पत्रकारिता एवं जनसंचार
आंजनेय विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़)



विगत दिनों सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा कॉमनवेल्थ शैक्षिक मीडिया केंद्र एशिया (छ्श्वस्र्ह्र) के तत्वावधान में दो दिवसीय सामुदायिक रेडियो जागरूकता कार्यशाला में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ । इस दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों में विषय विशेषज्ञों एवं मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा अपनी बात रखी गई । एक ओर इसकी स्थापना की प्रक्रिया वहीं दूसरी ओर संचालन की जटिलता को जानने का अवसर मिला । इन सब के बीच मेरा जुड़ाव शिक्षा के क्षेत्र से है इसलिए मेरी सोच भी इसी क्षेत्र में आगे बढ़ने लगी की शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा सामुदायिक प्रतिबद्धता को पूरा करने का एक बेहतर विकल्प सामुदायिक रेडियो भी हो सकता है । शुरू से शुरू करते हैं, समुदाय - एक ऐसा समूह, जिसमें लोग साझा हितों, संस्कृति, परंपराओं, भाषाओं या भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर जुड़े होते हैं । यह आपसी सहयोग, सामूहिक विकास और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । सामुदायिक प्रतिबद्धता ङ्क इसका अर्थ है किसी व्यक्ति, समूह या संस्था द्वारा समाज के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी को समझना और सक्रिय रूप से उसमें योगदान देना । यह प्रतिबद्धता सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय क्षेत्रों में सहयोग और विकास के रूप में प्रकट होती है । सामुदायिक प्रतिबद्धता केवल दान या परोपकार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक समस्याओं के समाधान, नागरिक भागीदारी, जागरूकता फैलाने और सामूहिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करना शामिल होता है। जैसे, शिक्षण संस्थानों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार, स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, गरीबों के लिए सहायता कार्यक्रम और पर्यावरण संरक्षण अभियानों में भागीदारी सामुदायिक प्रतिबद्धता के अंतर्गत आते हैं । अब हम विचार करते हैं कि शैक्षणिक संस्थाओं की सामुदायिक प्रतिबद्धता ङ्क इसका उदेश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं है, बल्कि समाज के समग्र विकास में योगदान देना भी है । इन्हें न केवल छात्रों को ज्ञान देना चाहिए, बल्कि सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों और नागरिक जिम्मेदारियों के प्रति भी संवेदनशील बनाना चाहिए । शैक्षणिक संस्थाएँ स्थानीय समुदायों की समस्याओं को समझकर समाधान निकालने में अहम भूमिका निभा सकती हैं । उन्हें सामुदायिक विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन करना चाहिए, जैसे—ग़रीब एवं वंचित बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा, साक्षरता अभियान, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य शिविर, पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम और युवाओं को रोज़गारपरक प्रशिक्षण देना । उक्त संदर्भों में, सामुदायिक रेडियो एक बेहतरीन विकल्प साबित हो सकता है । यह एक ऐसा मंच है, जो शिक्षा, जागरूकता और समाज सेवा को एक साथ जोड़ने का कार्य करता है । इसमें आकर्षण इस बात का है कि यह स्थानीय भाषा में भी प्रसारित किया जा सकता है और जिसका मुख्य उद्देश्य सूचनाओं का प्रसार, शिक्षा, सामाजिक मुद्दों पर चर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करना होता है । इसके इतिहास पर नज़र डाले तो भारत में सामुदायिक रेडियो नीति 2002 के तहत इसे मान्यता मिली थी और 2006 में गैर-लाभकारी संगठनों, कृषि विज्ञान केंद्र और शैक्षणिक संस्थानों को सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करने की अनुमति दी गई । क्योंकि शैक्षणिक संस्थाएँ समाज के बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास में योगदान देती हैं । लेकिन, अक्सर उनके प्रयास सीमित दायरे में रह जाते हैं । ऐसे में सामुदायिक रेडियो एक ऐसा माध्यम है, जो शैक्षणिक संस्थानों को उनके आसपास के समुदाय से जोड़ता है । संस्थान सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करने के लिए भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से सामुदायिक रेडियो स्टेशन (CRS) के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक होता है । भारत देश में वर्तमान में कुल 528 सामुदायिक रेडियो केंद्र संचालित हैं । प्रारंभ में new.broadcastseva.gov.in पोर्टल पर पच्चीस सौ फीस जमकर यह फॉर्म ऑनलाइन माध्यम द्वारा भरा जाता है आशय पत्र प्राप्त होने के बाद अंत में आवृत्ति आवंटन के लिए saral sanchar portal में आवेदन कर तेईस हजार पांच सौ की फीस जमा करनी होती है प्रक्रिया पूरी होने पर पच्चीस हजार रूपए का बैंक एग्रीमेंट के रूप में जमा करना होता है । अनुमति मिल जाने के बाद एक रेडियो स्टेशन स्थापित करने के लिए ट्रांसमीटर (50 वाट), एंटीना (30 मीटर), साउंड सिस्टम और रिकॉर्डिंग स्टूडियो की आवश्यकता होती है । यह व्यवस्था न्यूनतम स्तर पर भी की जा सकती है भारी भरकम स्टूडियो की आवश्यकता नहीं होती है । वर्तमान में सात अलग ङ्क अलग फ्रीक्वेंसी (88.4, 88.8, 89.2, 89.6, 90.0, 90.4, और 100) शहरों की आबादी और इनके विभाजन के आधार पर दी जाती है । स्टूडियो निर्माण के बाद शैक्षणिक संस्थान समुदाय की जरूरतों के अनुसार कार्यक्रम तैयार कर सकते हैं, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हो सकते हैं । सामुदायिक रेडियो की सफलता समुदाय की भागीदारी पर निर्भर करती है । स्थानीय लोगों, विद्यार्थियों और शिक्षकों को इसमें सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए । इसके लिए बेहतर होगा कि हम समुदाय के बीच से ही एक सलाहकार समिति का निर्माण कर लें । यह एक गैर-लाभकारी पहल है, इसलिए इसके वित्तपोषण के लिए सरकारी अनुदान, सीएसआर फंडिंग और स्थानीय संगठनों से सहयोग लिया जा सकता है । छत्तीसगढ़ में 90.4 फ्रीक्वेंसी पर वर्तमान में सामुदायिक रेडियो कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय (रायपुर), अरपा रेडियो (बिलासपुर) एवं रमन रेडियो (बिलासपुर) में मुख्य रूप से संचालित हैं । अतः शैक्षणिक संस्थाओं के लिए सामुदायिक रेडियो एक सशक्त माध्यम साबित हो सकता है, जो शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक संरक्षण को बढ़ावा देता है । यह न केवल छात्रों के लिए व्यावहारिक अनुभव का अवसर प्रदान करता है, बल्कि स्थानीय समुदाय को भी एक प्रभावी मंच देता है, जहाँ वे अपनी समस्याओं, विचारों और परंपराओं को साझा कर सकते हैं । यदि शैक्षणिक संस्थाएँ सामुदायिक रेडियो को सही ढंग से अपनाती हैं, तो यह न केवल शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है, बल्कि समाज के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है । अब समय आ गया है कि शैक्षणिक संस्थाएँ अपनी भूमिका को कक्षा तक सीमित न रखते हुए सामुदायिक जुड़ाव को मजबूत करने सामुदायिक रेडियो का उपयोग करें ।

# बेहतर स्थिति में भारतीय अर्थव्यवस्था

सतीश सिंह

खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दर जनवरी महीने में कम होकर 4.31 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जो पिछले 5 महीनों में सबसे कम है। यह दिसम्बर महीने में 5.22 प्रतिशत के स्तर पर थी, जबकि जनवरी 2024 में यह 5.1 प्रतिशत के स्तर पर थी। इससे पहले नवम्बर महीने में महंगाई दर 5.48 प्रतिशत के स्तर पर थी।

महंगाई के बास्केट में लगभग 50 प्रतिशत योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इनकी महंगाई महीने दर महीने आधार पर जनवरी महीने में घटकर 6.02 प्रतिशत के स्तर पर आ गई। दिसम्बर महीने में यह 9.04 प्रतिशत से घटकर यह 8.39 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी, जो जनवरी 2024 में 8.30 प्रतिशत के स्तर पर थी। वहीं, ग्रामीण महंगाई दिसम्बर महीने में 5.95 प्रतिशत से घटकर 5.76 प्रतिशत और शहरी महंगाई 4.89 प्रतिशत से घटकर 4.58 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी। मौजूदा गिरावट की सबसे बड़ी वजह सब्जियों की कीमतों में भारी कमी का आना है। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य और पेय पदाथरे की महंगाई जनवरी महीने में 5.68 प्रतिशत के स्तर पर रही, जबकि दिसम्बर महीने में यह 7.7 प्रतिशत के स्तर पर थी। खास तौर पर सब्जियों की कीमतें 25.6 प्रतिशत से कम होकर 11.35 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जिससे आमजन को भारी राहत मिली है। इसी क्रम में अनाज की महंगाई जनवरी महीने में 6.24 प्रतिशत के स्तर पर रही, जो दिसम्बर महीने में 6.5 प्रतिशत के स्तर पर रही थी। मांस और मछली की महंगाई जनवरी महीने में 5.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जो दिसम्बर महीने में 5.3 प्रतिशत के स्तर पर थी। गौरतलब है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने दिसम्बर महीने में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए महंगाई के अनुमान को 4.8 प्रतिशत कर दिया था, जबकि इसके पहले केंद्रीय बैंक ने इसे 4.5 प्रतिशत के स्तर पर रहने का अनुमान जताया था। वहीं, वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 में महंगाई के भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के आसार हैं। किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग कम हो जाती है। फिर, उनकी बिक्री कम होती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। फलत- आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं एवं विकास की गति बाधित होती है। ऐसे में यह कहना समीचीन होगा कि महंगाई को कम करने से ही विकास की रफ्तार तेज हो सकती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी के वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर के 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले 3 वित्त वर्षो से कम है। गत वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान जीडीपी के 6.6 प्रतिशत की दर से आगे बढने का अनुमान जताया है। वैसे,भारत की जीडीपी वृद्धि दर के कम होने के बावजूद दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका से भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है और आगामी वर्षो में भी इसके मजबूत बने रहने के आसार हैं। वित्त वर्ष 2024 के दौरान अमेरिका में विकास दर के 2.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 में 2.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इधर, खनन और विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन के कारण दिसम्बर 2024 में भारत औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) वृद्धि दर कम होकर 3.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई। साथ ही, सरकार ने नवम्बर 2024 के आईआईपी आंकड़ों 5.2 प्रतिशत से संशोधित करके 5.00 प्रतिशत कर दिया है। खनन व विनिर्माण क्षेत्र की धीमी रफ्तार और विगत दो तिमाहियों में जीडीपी की धीमी गति को देखते हुए, सरकार विकास की गति को बढ़ाना चाहती है। इसलिए, बजट में भी निवेश, बचत और खपत को बढ़ाने पर जोर दिया गया है, क्योंकि इनमें तेजी लाकर ही आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाकर विकास को गति दी जा सकती है। आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने 7 फरवरी को की गई मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की, जिससे यह 6.50 प्रतिशत से घटकर 6.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गया। गौरतलब है कि करीब 5 सालों के बाद रेपो दर में कटौती की गई है। मुख्य तौर पर महंगाई के कारण केंद्रीय बैंक अभी तक रेपो दर में कटौती करने से परहेज कर रहा था। पिछले दो सालों में 14 प्रतिशत से 16 प्रतिशत के बीच की ऋण वृद्धि रहने के बाद समग्र क्रेडिट ग्रोथ बीते कुछ महीनों से धीमी हो रही है और दिसम्बर 2024 में यह घटकर 11.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई है। इसका एक बड़ा कारण उधारी दर का महंगा होना है। दरअसल, बैंकों के पास सस्ती पूंजी नहीं है। इसलिए वे महंगी दर पर ऋण देने के लिए मजबूर हैं और महंगी दर पर ऋण उपलब्ध होने के कारण आमजन और कारोबारी ऋण लेने से बच रहे हैं। इस वजह से, कंपनियों के पास पूंजी की कमी है, जिसके कारण वे पूरी क्षमता के साथ उत्पादन नहीं कर पा रहे हैं। आरबीआई द्वारा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने से बैंकों को सस्ती दर पर पूंजी मिलेगी और वे सस्ती दर पर ऋण दे सकेंगे और जब सस्ती दर पर उधार मिलेगा तो आमजन और कारोबारी दोनों ऋण लेंगे, जिससे निवेश और बचत दोनों में तेजी आएगी और खपत बढ़ेगी साथ ही साथ आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। बजट में सरकार ने साफ तौर पर बता दिया है कि उसका मकसद विकास को गति देना है। दो तिमाहियों में जीडीपी वृद्धि दर के कम होने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है

साथ ही साथ भारत का विकास दर विकसित देशों से भी अधिक है। इसलिए विकास दर में और भी इजाफा लाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में कटौती की है।

## आलेख

# काशी तमिल संगमम संस्कृतियों के अभूतपूर्व संगम

नितिन प्रधान

देश दुनिया में अभी प्रयागराज में संगम तट पर चल रहे महाकुंभ को लेकर भारतीय संस्कृति की चर्चा हो रही है। तीन नदियों के संगम में करोड़ों सनातनी आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह क्रम जारी है।

26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन तक यह सिलसिला देखने को मिलेगा। इसी बीच काशी में गंगा तट पर काशी तमिल संगमम 3.0 चल रहा है। अपने तीसरे संस्करण में यह 24 फरवरी तक सनातनियों के लिए आत्मीय संबंध को नया आयाम देगा। काशी के पवित्र घाटों पर आयोजित काशी तमिल संगमम 3.0 वास्तव में गंगा और गोदावरी के मिलन जैसा अनुभव कराता है। गंगा घाटों पर जब तमिलनाडु और दक्षिण भारत के श्रद्धालु पहुंचते हैं तो यह केवल यात्रा नहीं, बल्कि संस्कृतियों के अभूतपूर्व संगम का उत्सव बन जाता है। काशी तमिल संगमम 3.0 इस भावनात्मक और सांस्कृतिक एकता का सजीव उदाहरण है, जहां दक्षिण और उत्तर भारत की परंपराएं एक-दूसरे में समाहित होती नजर आती हैं। भारत की दो प्राचीन और समृद्ध सभ्यताओं का आत्मीय संगम है। गंगा के किनारे लोग एक-दूसरे को 'वणक्कम काशी' कहकर संबोधित करते हैं, तो यह अनूठा और भावनात्मक अनुभव बन जाता है। काशी तमिल संगमम 3.0 न केवल उत्तर और दक्षिण भारत के बीच संस्कृति सेतु का कार्य कर रहा है बल्कि यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा को भी साकार कर रहा है। यह संगमम 3.0 भारतीय परंपराओं, संस्कृतियों और जीवन मूल्यों का उत्सव है, जो विविधताओं के बीच राष्ट्रवाद की भावना को और प्रबल करता है। यह उत्तर और दक्षिण भारत के बीच सांस्कृतिक सेतु के रूप में कार्य कर रहा है। जब तमिलनाडु से यात्री वाराणसी रेलवे स्टेशन पर उतरते हैं, तो उनका स्वागत 'हर हर महादेव' के जयघोष से किया जाता है। ढोल-नगाड़ों की थाप, स्वस्तिवाचन और पुष्पवर्षा से हर यात्री स्वयं को विशिष्ट अनुभव करता है। कांचीपुरम, जिसे संक्षेप में कांची कहा जाता है, तमिलनाडु का महत्त्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र है। यह क्षेत्र हिन्दू धर्म के प्राचीन तीर्थ स्थलों में से है, यहां कई ऐतिहासिक मंदिर स्थित हैं। कांची पलार नदी के किनारे बसी है, न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है बल्कि अपनी रेशमी साड़ियों के लिए भी प्रसिद्ध है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ब्रह्मा ने यहां देवी के दर्शन हेतु तपस्या की थी। कांची को मोक्षदायिनी सप्त पुरियों में स्थान प्राप्त है, जिनमें अयोध्या, मथुरा, द्वारका, हरिद्वार, काशी, उज्जैन और कांची शामिल हैं। यह नगरी हरिहरात्मक पुरी के रूप में प्रसिद्ध है, जहां शिवकांची और विष्णुकांची नामक दो भागों में विभिन्न मंदिर स्थित हैं। तमिलनाडु के लोग के लिए काशी केवल तीर्थ नहीं, बल्कि आध्यात्मिक आकषर्ण का केंद्र है। भगवान विनाथ, मां गंगा और देवी विशालाक्षी सदियों से तमिल भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करती रही हैं। आदि शंकराचार्य के काशी आगमन और उनके द्वारा अद्वैत वेदांत के प्रचार के बाद, तमिल संतों का काशी से लगाव और गहरा हो गया। काशी केवल शहर नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। बाबा विनाथ, काल भैरव, मां अन्नपूर्णा, देवी विशालाक्षी, आंध्र के मल्लिकार्जुन और तेलंगाना के भगवान राजराजेर जैसे तीर्थस्थल भारत की सांस्कृतिक पहचान को परिपूर्ण बनाते हैं। इस पवित्र नगरी ने अनेक संतों और महात्माओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की है, जिसका प्रभाव आज भी तमिल समाज में देखा जा सकता है। काशी का तेलुगु संस्कृति से भी गहरा नाता है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु काशी आते हैं। तेलुगु संतों और आचार्यों ने भी इस नगरी को विशेष रूप से गौरवान्वित किया है। तेलुगु संत तेलंगस्वामी, जिनका जन्म विजयनगरम में हुआ था, को स्वामी विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस ने काशी का 'जीवंत शिव' कहा था। इसके अलावा, जिद्दू कृष्णमूर्ति और अन्य महान संतों को आज भी श्रद्धा के साथ याद किया जाता है। काशी और तेलुगु संस्कृति का संबंध साहित्य और आध्यात्मिक परंपराओं में भी स्पष्ट रूप से झलकता है। आंध्र प्रदेश के वेमुलावाड़ा तीर्थ को 'दक्षिण का काशी' कहा जाता है, यहां की मंदिर परंपराओं में 'काशी दारम' (विशेष काला सूत्र) का प्रचलन आज भी है।

# शिक्षा निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है

डा. जयपाल ठाकुर

माता-पिता परीक्षा के समय जलविहीन मछली की तरह तड़पते हैं, ताकि उनका बच्चा किसी भी तरह से पढ़ाई में पीछे न रह जाए और अच्छे से अच्छे अंक प्राप्त कर उनका नाम रोशन करे। वे बच्चों को दिन-रात मेहनत करवाकर परीक्षा के लिए तैयार करते हैं और परीक्षा देने के लिए भेजते हैं। जितने दिन तक परीक्षा चलती है, माता-पिता बच्चों को अपना घर का सारा काम करने के बावजूद परीक्षा के लिए समय देकर कठिन से कठिन मेहनत करवाते हैं और अपने बच्चों को अच्छे से अच्छे पद पर पहुंचाना चाहते हैं, ताकि आने वाले समय में उनके बच्चे भी उनका सहारा बनें शिक्षा और परीक्षा ऐसे दो शब्द हैं जिनका आपस में गहरा संबंध है। शिक्षा शब्द एक स्त्रीलिंग शब्द है जिसका अर्थ विद्या, ज्ञान, पाठ, उपदेश, सबक व सीखना है। इसी प्रकार से परीक्षा शब्द भी स्त्रीलिंग शब्द है जिसका अर्थ इम्तिहान, योग्यता को परखना है। शिक्षा का अर्थ बालक का सर्वांगीण विकास करना है। परीक्षा का अर्थ एक निश्चित अवधि में दी गई शिक्षा को एक निश्चित अवधि में जांचना व परखना है कि क्या विद्यार्थी को जो शिक्षा दी गई, वह उसको ग्रहण कर पाया है या नहीं कर पाया? यदि कर पाया है तो कितनी ग्रहण कर पाया है? अभी उसको खरा उतरने के लिए कितनी और मेहनत की जरूरत है। यही परीक्षा है। शिक्षा शब्द देखने में तो बहुत छोटा शब्द लगता है, वास्तव में यह बहुत व्यापकता अपने में समेटे हुए है। शिक्षा केवल स्कूलों, कॉलेजों तक ही सीमित नहीं है। इससे परे भी शिक्षा का क्षेत्र है। शिक्षा जीवन पर्यन्त चलने वाली एक प्रक्रिया है। इसका क्रम जन्म से लेकर मृत्यु तक चलता रहता है। यह कभी भी रुकता नहीं है। यही नहीं कि मनुष्य विद्यालय से ही शिक्षा ग्रहण करता है। वह इस संसार में प्रकृति की प्रत्येक वस्तु सजीव-निर्जीव से हर क्षण शिक्षा ग्रहण करता है। शिक्षा एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। शिक्षा एक ऐसा वट वृक्ष है, दूसरे व्यवसाय इसकी शाखाएं हैं। प्रत्येक व्यवसाय शिक्षा से जुड़ा हुआ है। बड़े से बड़े डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, अध्यापक, नेता, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राष्ट्रपति, सभी शिक्षा के मार्ग से ही गुजर कर देश की ऊंचाई को छू पाए हैं। शिक्षा चाहे निजी शिक्षण संस्थान में ग्रहण की जाए या फिर सरकारी शिक्षण संस्थान में कठिन से कठिन अग्नि परीक्षा से सभी को गुजरना ही पड़ता है। परीक्षा के बिना तो विद्यार्थी का मूल्यांकन ही नहीं किया जा सकता। परीक्षा ही मूल्यांकन का एकमात्र



उपाय है। परीक्षा चाहे कैसे भी हो, प्राचीन काल में भी विद्यार्थियों को परीक्षा से गुजरना पड़ता था और आजकल भी विद्यार्थियों को परीक्षा से गुजरना पड़ता है। वैसे तो माता-पिता अपने बच्चों का वर्ष के आरंभ से ही पूरा ध्यान रखते हैं, जैसे बच्चों को सुबह जल्दी उठाना, पढने के लिए बैठाना, नहलाना, कपड़े पहनना, बैग को हर रोज चेक करना, उसमें किताबें, कॉपियां, पढने-लिखने की हर सामग्री डालना। बच्चों के खाने-पीने का भी पूरा ध्यान रखना, उनको तैयार करके विद्यालय को भेजना, उनके वापस घर आने पर उनको कपड़े बदलने के लिए कहना। जूते, जुराबें एक तरफरखने को कहना, हाथों को अच्छी तरह से धोकर के खाना खाने को कहना, गर्मी-सर्दी से बचाव करना, उनकी सेहत का पूरा ध्यान रखना, उनकी हर जरूरत को पूरा करना, उनका हर वस्तु आवश्यकता अनुसार उपलब्ध करवाना। शाम को हर रोज पढने को बिठाना, विद्यालय में क्या पढ़ा, इसके बारे में पूछना और उनका अगले दिन का काम करवाना, परीक्षा की तैयारी करवाना, उनको अच्छे-अच्छे संस्कार देना, उनका मार्गदर्शन करना, उनको आगे बढने के लिए प्रेरित करना, उनकी हर गतिविधि पर ध्यान रखना आदि। पढ़ाई के मामले में जितनी चिंता माता-पिता करते हैं, इतनी चिंता तो बच्चे भी नहीं करते। परीक्षा बच्चों की न हो करके मानो माता-पिता की ही परीक्षा हो। जैसे-जैसे परीक्षा सामने आती जाती है माता-पिता की चिंता बढ़ती जाती है। माता-पिता परीक्षा के समय जलविहीन मछली की तरह तड़पते हैं, ताकि उनका बच्चा किसी भी तरह से पढ़ाई में पीछे न रह जाए और अच्छे से अच्छे अंक प्राप्त कर उनका नाम रोशन करे। वे बच्चों को दिन-रात मेहनत करवाकर परीक्षा के लिए तैयार करते हैं और परीक्षा देने के लिए भेजते हैं। जितने दिन तक परीक्षा चलती है, माता-पिता बच्चों को अपना घर का सारा काम करने के बावजूद परीक्षा के लिए समय देकर कठिन से कठिन मेहनत करवाते हैं और अपने बच्चों को अच्छे से अच्छे पद पर पहुंचाना चाहते हैं, ताकि आने वाले समय में उनके बच्चे भी उनका सहारा बनें। आवश्यकता के समय उनकी आवश्यकता अनुसार आवश्यकता पूरी करें। कई बच्चे परीक्षा से डरते हैं। जैसे-जैसे सामने आती परीक्षा है परीक्षा, बच्चा-बच्चा चिल्लाता हाय परीक्षा! हाय परीक्षा! माता-पिता की भी नींद उड़ जाती है, बच्चों की उन्हें चिंता सताती है, कई बार परीक्षा बच्चों को कम, माता-पिता को ज्यादा डराती है। बच्चों और अभिभावकों में परीक्षा का डर दूर करने के लिए ठोस उपाय किए जाने की जरूरत है। किसी भी परीक्षा को सहज क्रिया के रूप में लेने की जरूरत है। परीक्षा का डर मन में नहीं बैठाया जाना चाहिए। एक परीक्षा में अगर बच्चा फेल हो जाता है।

# जैनाचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज पर सौ रुपए का सिक्का जारी






(सिक्का का अग्र भाग) (सिक्का का पृष्ठ भाग)

**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालयगत आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली के द्वारा 'भारत का राजपत्र' (सी.जी. डी.एल.ई-31012025-260665), असाधारण (भाग II-खण्ड-उप-खण्ड (द्व)] में नं. 62 पर 31 जनवरी, 2025 को जी.एस.आर. 95 (ई) क्रमांक पर अधिसूचना प्रकाशित कराई गई है। उसके अनुसार केन्द्रीय सरकार ने 'सन्त शिरोमणि दिगम्बर जैनाचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज' के माघ शुक्ल अष्टमी की रात्रि (दिन में प्रातः 8.15 बजे तक अष्टमी, तदुपरान्त नवमी प्रारम्भ हो जाने के कारण) माघ शुक्ल नवमी, वीर निर्वाण संवत् 2550, विक्रम संवत् 2080, शक संवत् 1945 (17 फरवरी, 2024, शनिवार की रात्रि में 2:35 पर) तदनुसार 18 फरवरी, 2024, रविवार की पूर्व रात्रि में पंजिका योग, अमृत योग, अमृतकाल, सर्वार्थसिद्धि योग, अमृतसिद्धि योग, रवि योग, रोहिणी नक्षत्र के तृतीय पाद में समाधिमरण होने के उपरान्त आचार्यश्रीजी के प्रथम समाधि दिवस के प्रसंग पर टकसाल में एक सौ रुपए मूल्यवर्ग का सिक्का ढालने का निर्णय किया था। इस सिक्के का लोकार्पण श्री दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र चन्द्रगिरि, डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव, छत्तीसगढ़ में आयोजित समारोह में आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज के प्रथम समाधि दिवस, 06 फरवरी, 2025, गुरुवार को देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह के द्वारा किया गया।

44 मिलीमीटर वाले वृत्ताकार बाह्य व्यास वाला उपर्युक्त सिक्का 35 ग्राम मानक वजन वाला है। इसमें 200 दांतों वाले किनारों की संख्या है तथा 50 प्रतिशत चाँदी, 40 प्रतिशत तांबा, 05 प्रतिशत निकिल एवं 05 प्रतिशत जस्ता रूप चतुर्थक मिश्रधातु की संरचना है। इस सिक्के के अग्रभाग के मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह स्तम्भ शीर्ष पर है, जिसके नीचे 'सत्यमेव जयते' लेख उत्कीर्णित है। उसकी बाई परिधि पर देवनागरी लिपि में 'भारत' शब्द और दाई परिधि पर अंग्रेजी में 'INDIA' शब्द लिखा है। सिंह स्तम्भ के नीचे रुपए का प्रतीक 'रे' और अन्तरराष्ट्रीय अंकों में 100 मूल्य अंकित है।

उपर्युक्त सिक्के के पृष्ठभाग के मध्य में सन्त शिरोमणि दिगम्बर जैनाचार्य विद्यासागर महामुनिराज का चित्र है। इस चित्र की बाई तरफ 'कमण्डल' (भारत की सन्तपरम्परागत जलपात्र रूप शौचोपकरण) तथा टाई तरफ 'पिच्छी' (दिगम्बर जैन साधुओं के द्वारा जीवदया के परिपालनार्थ प्रयुक्त किये जाने वाला संयमोपकरण) का चित्र है। इसकी ऊपरी परिधि पर टेवनागरी लिपि में सन्त शिरोमणि टिगम्बर जैनाचार्य विद्यासागर महामुनिराज तथा अंग्रेजी में "SANT SHIROMANI DIGAMBAR JAINACHARYA VIDYASAGAR MAHAMUNIRAJ" वर्णित है। साथ ही आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के चित्र के नीचे अन्तरराष्ट्रीय अंकों में वर्ष 1946-2024 (जन्म वर्ष-समाधिमरण वर्ष) का उल्लेख है।

'भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल' (जी 88 सी.+7QF तरतला, डायमण्ड हार्वर रोड, अलीपोर मिंट कॉलोनी, अलीपोर, कोलकाता-700 053, पश्चिम बंगाल, फोन-033-24010132, (https://www.igmkolkata.spmcil.com, www.spmcil.com, E-mail-Calmint@spmcil.com) स्थित इस भारत सरकार की टकसाल से आचार्य श्री विद्यासागरजी महामुनिराज का एक सौ रुपया मूल्य वाला सिक्का ढाला गया है। इस सिक्के की प्राप्ति हेतु कोलकाता टकसाल के उपरिलिखित पते, बेवसाइट, ई-मेल, फोन पर संपर्क करके प्राप्त किया जाना निकट भविष्य में संभव हो सकेगा। भले ही उक्त सिक्के का मूल्य एक सौ रुपये है किन्तु वास्तविक रूप में इसकी प्राप्ति हेतु अनुमानतः चार से ग्यारह हजार रुपयों के बीच में राशि टकसाल के द्वारा निर्धारित होने का अनुमान है। अतः जिन संस्थाओं, संगठनों, व्यक्तियों, धर्मश्रद्धालुओं या आचार्य श्री विद्यासागर जी के प्रति आस्थावान् महानुभावों को उक्त सिक्का को प्राप्त करने की अभिलाषा हो, उसके लिए टकसाल द्वारा निर्धारित मूल्य तथा सिक्का को प्रेषित किये जाने हेतु डाक व्यय भी अतिरिक्त रूप में अग्रिम जमा करके इच्छित संख्या में सिक्कों को आरक्षित करवाना है। इस कार्य को सम्पादित करवाने के लिए भारत सरकार की कोलकाता आदि टकसालों में स्थित निम्नलिखित व्यक्तियों से संपर्क किया जा सकता है-

**कोलकाता**- (1) श्री सागर हेमंत आत्राम, एएम-मार्केटिंग, मो.-80877-78809, E-mail-Sagar.Atram@spmcil.com (2) श्री विवेक कुमार सिंह, एएम-मार्केटिंग, मो-63854-71488, E-mail-singh.vivek@spmcil.com। **हैदराबाद**- (1) श्री दुर्गेश देशमुख, सहायक प्रबन्धक मार्केटिंग, फोन-040-27268300, E&tn-110, E-mail- durgesh.deshmukh@spmcil.com। **मुम्बई**- (1) सुश्री हिमांशी, एएम-मार्केटिंग, फोन-022-22600250, E-mail-Himanshi@spmcil.com (2) श्री मनीष कुमार, प्रबंधक मार्केटिंग, E-mail-Manish Kumar@spmcil.com।

'सेक्युरिटी प्रिंटिंग एण्ड मिंटिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (SPMCIL) के अन्तर्गत भारत सरकार की कोलकाता, हैदराबाट तथा मुम्बई नगरों में टकसालें स्थित हैं जहाँ से सिक्कों का निर्माण एवं विक्रय किया जाता है। अतः किसी भी प्रकार की बुकिंग ईकॉमर्स से संबंधित समस्या के संबंध में ग्राहक देखभाल के लिए सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर सोमवार से शुक्रवार तक के दिनों में प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक फोन-011-43582259, E-mail-support@spmcil.com पर भी संपर्क किया जा सकता है। कोलकाता के उपर्युक्त पते के अतिरिक्त भारत सरकार टकसाल, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, 400 001, फोन-022-22663199,22662555, E&tn. 132, फैक्स-022-22661450 https://igmmumbai.spmcil.com E-mail-igm.mumbai@spmcil.com तथा भारत सरकार टकसाल, आईडीए, चरण-II, चेरलापल्ली, आर.आर. जिला, हैदराबाद-500 051, तेलंगाना, फोन-040-27268300, फैक्स-040-27268300, https://igmhyderabad.spmcil.com, E-mail-igm.hyderabad@spmcil.com पर भी संपर्क करके सिक्के की बुकिंग सुनिर्धारित की जा सकती है।

इनके अतिरिक्त श्री दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र चन्द्रगिरि, डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव, छत्तीसगढ़ में निर्मित हो रहे आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की समाधिस्थली के कार्यकर्ता श्री विनोद बड़जात्या, रायपुर (छ.ग.), मो. 94252-52525 एवं श्री मनीष जैन, मो. 94255-31401 से संपर्क कर सिक्कों हेतु बुकिंग कराई जा सकती है या मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है।

# नवागढ़ में होंगे विविध आयोजन, महोत्सव की पत्रिका का हुआ विमोचन



**ललितपुर (विश्व परिवार)।** अरनाथ भगवान के अतिशय से सम्पन्न प्रागैतिहासिक तीर्थक्षेत्र नवागढ़ का नवागढ़ महोत्सव 46 दिवसीय जाप्यानुष्ठान, अरनाथ मंडल विधान का समापन, सामूहिक पूर्णाहुति के साथ सभी विधानकर्ता परिवारों की प्रमुख उपस्थिति में क्षुल्लक श्री नयसागर जी महाराज के सान्निध्य में 1 व 2 मार्च को किया जाएगा। इस मौके पर वर्ष में एकबार होने वाला मूलनायक अरनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक अगाध श्रद्धा के साथ किया जाएगा। महोत्सव की पत्रिका का विमोचन विशिष्ट अतिथियों, श्रेष्ठियों व नवागढ़ कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा सम्पन्न किया गया। ब्रह्मचारी जयकुमार निशांत भैया जी के निर्देशन में ब्रह्मचारिणी मीना दीदी के सानिध्य में यह आयोजन सानंद संपन्न हो रहा है, जिसमें देश एवं विदेश के श्रावक - श्राविकाओं ने विधान के माध्यम से पुण्य अर्जन किया है।

कमेटी के प्रचारमंत्री डॉ सुनील संचय ने बताया कि इस मौके पर अखिल भारतीय महिला सम्मेलन, वर्णी संस्थान विकास सभा का शपथ ग्रहण समारोह एवं तीर्थ क्षेत्र के पदाधिकारियों का सम्मेलन राष्टीय अध्यक्ष श्री जम्बूप्रसाद गाजियाबाद एवं संतोष पेंडारी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न किया जाएगा। तंबोला प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र होगी।

महोत्सव हेतु आचार्य श्री समयसागर जी, आचार्य श्री विशुद्धसागर जी, आचार्य श्री विनिश्चय सागर जी, आचार्य श्री विभवसागर जी, आचार्य श्री उदारसागर जी, आचार्य श्री ज्ञेयसागर जी तथा मुनि श्री प्रमाणसागर जी मुनि श्री अभय सागर जी मुनि श्री पूज्यसागर जी, गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी, आर्यिका आर्षमती माताजी का मंगल आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। नवागढ़ कमेटी ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में इस क्षेत्र पर उपस्थित होकर भगवान के अतिशय के साक्षी बनें एवं संस्कृति संरक्षण के पावन पुनीत कार्य में सहयोग देकर पुण्यार्जन करें। **-डॉ. सुनील संचय**

# जीवन के परिवर्तन के लिये केवल अच्छे विचार ही जरूरी नहीं, सेवा और सहयोग भी आवश्यक है : मुनि श्री समतासागर जी महाराज



**डोंगरगढ़ (विश्व परिवार)।** जीवन के परिवर्तन के लिये केवल अच्छे विचार ही जरूरी नहीं, सेवा और सहयोग भी आवश्यक है। उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज की समाधि स्थल चंद्रगिरी में रविवारीय धर्म सभा में व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि आचार्य श्री ने देश दुनिया के सामने मात्र विचार ही नहीं दिये वल्कि उन विचारों को बारीकियों से समझा तथा समाज को सक्रिय कर उन विचारों के माध्यम से विभिन्न विभिन्न आयाम भी स्थापित किये एवं सम्यक् दर्शन का सही पाठ पड़ाया, उनके जीवन की करणा हर उपेक्षित वर्ग के साथ थी तभी तो हथकर्घा के उपक्रम खड़े किये तथा भाग्योदय एवं पुण्योदय जैसे तीर्थों को खड़ाकर के मानव सेवा का मार्ग भी प्रशस्त किया सुसंस्कृत और शिक्षित नारी के लिये प्रतिभास्थलिओं के माध्यम से बेटीयों की शिक्षा तथा गौ शालाओं के माध्यम से समस्त प्राणिओं की रक्षा का भाव रख कर पूज्य गुरुदेव ने सक्रिय सम्यक् दर्शन की भूमिका को आप सभी के सामने रखा है। मुनि श्री ने कहा कि आचार्य श्री कभी किसी के विरोध में खड़े नहीं हुये कभी किसी ने उनका अथवा उनके विचारों का या किसी उपक्रम का विरोध भी कर दिया तो उसको भी वह मुस्करा के टाल गये, उनका चिंतन इतना गहरा था कि विरोधी भी उनके सामने घुटने टेक देते थे अपनी मधुर मुस्कान के साथ सामने बाले को सहजता से स्वीकार करा देते थे यही कारण था कि जो लोग एकांतवादी विचारधारा के तथा असहज थे वह भी गुरुदेव के चरणों में आकर झुकते हुये देखे गये। सागर में आचार्य श्री के पास विद्वानों की एक टोली आई और कहा कि आचार्य श्री कुछ मुनि विरोधी लोग मुनिओं के विषय में बहूत ऊटपटांग लिखते है और कहते है कि पंचमकाल में मुनि नहीं होते आपने कभी इनका विरोध नहीं किया? तो आचार्य श्री ने मधुर मुस्कान के साथ उनको बोले कि किसने कहा कि मैंने उनकी इस बात का विरोध नहीं किया? क्या कोई बात को लिखने या चिल्लाने से ही विरोध होता है? अरे हमने तो स्वंय मुनि बनकर और मुनि बनाकर यह सिद्ध कर दिया कि साक्षात देख लो कि पंचमकाल में मुनि होते है और इसका प्रत्यक्ष उदाहरण दिया आचार्य श्री भले ही कोई बात को मुख से नहीं कहा करते थे उन्होंने अपनी चर्या से दिखा दिया लो देख लो पंचमकाल में भी चतुर्थ काल की चर्या को पालने बाले मुनि होते है आचार्य श्री ने कभी नकारात्मक बातों को प्रोत्साहित नही किया बल्कि उसे सकारात्मकता के साथ अपनी चर्या के माध्यम से प्रस्तुत किया है इसीलिये पूज्य गुरूदेव उन लोगों के बीच भी लोकप्रिय हो गये, जो कभी विरोध करते थे। मुनि श्री ने कहा कि आचार्य श्री ने अपने जीवन में बहूत संघर्ष किये है, आप लोगों ने मात्र गुरवर के वैभव को ही देखा है लेकिन गुरुदेव के शुरूआती दौर को आजकल की नई पीड़ी तो जानती भी नहीं, एक समय था जब समाज में एकांतिक विचारधारा का बोलबाला था, धर्म की व्याख्यायें उन पंडितों के हाथों में थी उन्होंने जो व्याख्या कर दी वही व्याख्या समाज भी मान लेती थी उसका कारण मुनिओं की संख्या बहूत कम तथा युवाओं को रूझान नहीं था मुनिओं को वृद्धावस्था के रुप में ही देखा जाता था लेकिन वह चारित्र में सुद्रण तथा तपस्वी हुआ करते थे उनके नियम भी बहूत कठोर होते थे उन नियमों के कारण श्रद्धालुओं की संख्या तो बड़ी लेकिन युवाओं ने उनसे दूरी बनाकर रखी उनसे घुल मिल नहीं पाए। **-अविनाश जैन**

# देव शास्त्र और गुरुओं के प्रति श्रद्धा, भक्ति, और विनय मोक्ष के द्वार की चाबी है : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज



**धरियावद जिला प्रतापगढ़ (विश्व परिवार)।** धैर्य, धीरज का फल मीठा होता है।आप काफी वर्षों से प्रतीक्षा कर रहे हैं, तीर्थंकरों की वाणी साक्षात में सुनने को नहीं मिलती है किंतु उनके द्वारा प्रतिपादित उपदेश जिनवाणी ओर गुरुओं के माध्यम से मिलता है। मनुष्य जन्म बहुत ही दुर्लभता से मिला है, मनुष्य जीवन में देव, शास्त्र गुरुओं के प्रति श्रद्धा, भक्तिविनय से भगवान भी झुक जाते हैं, वश में हो जाते हैं नगर में काफी भौतिक प्रगति हो रही है, लगभग 21 वर्षों के पूर्व नगर में आए थे श्री चंद्रप्रभु जिनालय और यहां के मैदान में परिवर्तन हो गया है भगवान का जिनालय अब नवीन जिनालय हो गया है। समय के साथ प्रगति हुई है प्रगति निरंतर बनी रहना चाहिए देव अर्थात आचार्य साधु परमेष्ठी चलते फिरते तीर्थ हैं। उनके प्रति श्रद्धा भक्ति और विनय रखना चाहिए। यह धर्म देशना आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने धरियावद नगर में 22 वर्षों के बाद पदार्पण के अवसर पर आयोजित धर्मसभा में प्रकट की। ब्रह्मचारी गज्जू भैया, राजेश पंचोलिया अनुसार आचार्य श्री ने आगे उपदेश में बतायाकिअरिहंत भगवान से जो धर्म प्राप्त हुआ है उस धर्म से जीवन को उन्नत बनाने का पुरुषार्थ करना चाहिए क्योंकि विनय श्रद्धा और भक्ति मोक्ष के द्वार की चाबी है इस धर्म रूपी चाबी को भूलना या खोना नहीं चाहिए इसे संभाल कर रखें तथा धर्म के माध्यम से रत्नत्रय को धारण करें इसी में मनुष्य जीवन की सार्थकता है।आचार्य श्री के प्रवचन के पूर्व अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पंडित हंसमुख शास्त्री ने आचार्य वर्धमान सागर जी महाराज से वर्ष 2025 का चातुर्मास एवं प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी महाराज आचार्य पदारोहण शताब्दी महोत्सव का समापन धरियावद में संघ सहित करने का निवेदन किया। मुनि श्री पुण्य सागर जी ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में समाज को बताया कि जो सोता है वह खोता है इसलिए आचार्य श्री के पदार्पण से होली के साथ दीपावली पर्व भी प्रारंभ हो गया है, अब बारिश के समाप्त होने पर धर्म की बारिश होगी उसमें भीगने से लाभ होगा सुखे रहोगे तो कोरे रह जाओगे। क्योंकि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी में आचार्य शांति सागर जी से लेकर दीक्षा गुरु आचार्य श्री अजीत सागर जी के गुण समाहित है।आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी की अंतराष्ट्रीय स्तर पर धर्म प्रभावना की है। दशा हमड़ सेठ करणमल, दशा नरसिंहपूरा सेठ दिनेश जेकनावत तथा बीसा नरसिंहपूरा सेठगुणवंत डुगावत ने बताया कि पंचम पट्टाधीश वात्सल्यवारिधी आचार्य श्री वर्धमानसागर जी महाराज अपने 9 मुनिराजो, 22 आर्यिकाओं तथा 2 क्षुल्लको कुल 34साधुओं का 22 वर्षों के बाद धरियावाद प्रवेश पर धरियावाद में विराजित मूनि श्री पुण्यसागर जी महाराज ने अपने 18 साधुओं सहित परिक्रमा ओर चरणवंदना की पंडित हंसमुख, ब्रह्मचारिणी वीणा दीदी, सम्पूर्ण समाज ने 75 वर्षीय आचार्य श्री वर्धमान सागर जी की 23 फरवरी को आगवानी की।सभी 53 साधुओं ने जिनालयों के दर्शन किए। घरों के सामने रंगोली बनाई गई। नगर के पुरुष महिलाये धार्मिक मंडल निर्धारित वेषभूषा में अगवानी भक्ति नृत्य पूर्वक जयकारों के साथ की। संपूर्ण नगर हम भक्तों की हैं अभिलाषा धरियावद में हो चौमासा, देखो देखो कौन पधारे भक्तों के भगवान पधारे, भगवान महावीर और आचार्य श्री वर्धमान सागर के जय जयकार से गूंज रहा था।

धर्म सभा में प्रवचन के पूर्व मंगलाचरण हुआ। प्रथमाचार्य श्री शान्ति सागर जी एवं पूर्वाचार्यों के चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन आमंत्रित अतिथियों तथा स्थानीय समाज के पदाधिकारी द्वारा किया गया। सौभाग्यशाली परिवार द्वारा आचार्य श्री के चरण प्रक्षालन कर जिनवाणी भेंट की। सभा का संचालन पंडित विशाल ने किया। **-राजेश पंचोलिया**

# अंजनी नगर इंदौर पंचकल्याणक महोत्सव में 1500 किमी लम्बी धर्म पदयात्रा, इंदौर से होकर गिरनार जी जाने की घोषणा और समाज द्वारा समर्थन : विश्व जैन संगठन

**मुनि श्री विनम्र सागर जी और मुनि श्री पूज्य सागर जी मुनिराज ने दिया 101 दिवसीय धर्म पदयात्रा को आशीर्वाद और मार्गदर्शन**

### सांसद शंकर लालवाणी ने दिया अहिंसा धर्म पदयात्रा को समर्थन और सभी समाज को जोड़ते हुए जन-जन की यात्रा बनाने का आह्वान




**मुनि श्री आदित्य सागर जी मुनिराज के सानिध्य में धर्म पदयात्रा के समर्थन में संत भवन, अंजनी नगर में आयोजित समर्थन सभा में मुनि श्री का आशीर्वाद मार्गदर्शन और सभी प्रमुख संस्थाओं द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन**

**इंदौर (विश्व परिवार)।** 22वें जैन तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान के जन्मस्थल शौरीपुर से उनके मोक्षस्थल गिरनार जी तक धर्म प्रभावना पद यात्रा के लिए इंदौर में विश्व जैन संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और संगठन की इंदौर शाखा ने लिया 21 फरवरी 2025 को इंदौर में विराजमान पूज्य जैन संतों का आशीर्वाद मार्गदर्शन, जैन समाज और इंदौर सांसद का समर्थन।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने अंजनी नगर में पूज्य मुनि श्री 108 आदित्य सागर जी मुनिराज ससंघ के सानिध्य में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव में दिल्ली से गिरनार जी तक 1500 किमी लंबी धर्म पद यात्रा के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए दिल्ली से आरंभ पद यात्रा के इंदौर होकर गिरनार जाने की घोषणा करते हुए सभी को यात्रा में शामिल होने का आह्वाहन किया।

सांसद शंकर जी लालवानी ने संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को पद यात्रा को समर्थन और सहयोग देने का आश्वासन दिया और सभी समाज को जोड़कर जन - जन की यात्रा बनाने का आह्वाहन किया।

इंदौर में विराजमान पूज्य मुनि श्री 108 विनम्र सागर जी मुनिराज और मुनि श्री 108 पूज्य सागर जी मुनिराज ने धर्म पद यात्रा के लिए मंगल आशीर्वाद देते हुए सभी को धर्म प्रभावना के लिए पद यात्रा में शामिल होने का मार्गदर्शन दिया।

प. पूज्य मुनि श्री 108 आदित्य सागर जी मुनिराज के सानिध्य में पद यात्रा के समर्थन में अंजली नगर में आयोजित सभा में दिल्ली से विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यश जैन और कोषाध्यक्ष मयंक जैन विशेष रूप से उपस्थित थे और उन्होंने यात्रा की सम्पूर्ण जानकारी इन्दौर नगर एवं आस पास से पधारे जैन मंदिरों एवं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों को दी।

इंदौर सकल जैन समाज की ओर से श्री नकुल पाटौदी, निर्मल कासलीवाल, इंदर सेठी, डी के जैन, आनंद कासलीवाल, जैनेश झांझरी, डीएसपी डी के जैन, स्वप्निल जैन, हरीश जैन, देवेंद्र सेठी, हेमंत जैन, देवेंद्र सेठी, महेंद्र पहाड़िया, राहुल स्पोर्ट्स, अजय जैन बाहुबली, राजेश मोदी और अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित करते हुए धर्म पदयात्रा का समर्थन करते हुए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सभा में गिरनार जी पद यात्रा से संबंधित पोस्टर का विमोचन किया गया। श्रीफल जैन न्यूज संपादक रेखा जैन उपस्थित रही।

समर्थन सभा में मुनि श्री आदित्य सागर जी मुनिराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि धर्म प्रभावना के लिए निकाली जा रही इस पद यात्रा के लिए हमारा समर्थन और आशीर्वाद है और सभी समाज को इसमें सहभागिता करनी चाहिए।

कार्यक्रम का सफल संचालन मयंक जैन अध्यक्ष विश्व जैन संगठन, इंदौर शाखा ने किया। सभा की शुरूआत में मंगलाचरण ओम पाटोदी ने किया और आभार अभय संघवी, पारस जैन ने व्यक्त किया।

संगठन की इंदौर शाखा के अध्यक्ष मयंक जैन ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक बडजात्या जी से कार्यकारिणी के सदस्यों सहित मिलकर पद यात्रा में सहयोग करने हेतु निवेदन पत्र दिया और जैन तीर्थों के विषय में चर्चा कर धर्म पद यात्रा के लिए आशीर्वाद और मार्गदर्शन लिया।

श्री प्रदुम्न जैन, दिल्ली ने बताया कि श्री भारतवर्षीय तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय मंत्री श्री हसमुख गांधी ने धर्म पद यात्रा को समर्थन देते हुए समस्त समाज को यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया।

**-आकाश जैन**

# गणिनी आर्यिका स्वस्तिमती माताजी कि उम्र 100 साल, चर्या 30 साल की उम्र वाली




**सम्मेदशिखर (विश्व परिवार)।** गणिनी आर्यिका शुभमती माताजी ने बताया कि गणिनी आर्यिका स्वस्तिमती माताजी कि उम्र 100 साल, बाते इतनी सुंदर की पढते ही रह जाए। पत्र में जो लिखा है वह इतना सुंदर लिखा है उसे पढ़कर आँखें नम हो जाए। हम बात कर रहे गणिनी आर्यिका स्वस्तिमति माता जी जो तपस्वी सम्राट आचार्य श्री सन्मति सागर जी महाराज की सुशिष्या है। जो वर्तमान में गणिनी आर्यिका शुभमति माता जी के साथ रहते है। संघ में है।

माता जी का जन्म 26 मई 1926 को फलटण (महाराष्ट्र) हुआ।क्षुल्लिका दीक्षा 27 नवंबर 2005 में मुंबई में हुई। आर्यिका दीक्षा 10 मई 2010 में कुंजवन में हुई। इनके बेटे और बेटी, परपौत्र में दीक्षा धारण की है। 3 हजार से अधिक उपवास का क्रम चल रहा है।माता जी पत्र आचार्य विशुद्ध सागर महाराज को विनयांजलि के लिए लिखा उस पत्र आचार्य श्रीजी गुणों का बखान किया है। उसमे लिखा है मैं 100 वर्ष की हो गई हु मैं तो आचार्य विशुद्धसागर महाराज जी के पट्टाचार्य महोत्सव के लिए इंदोर नहीं आ सकती लेकिन सभी भक्त परिवार यह कार्यक्रम देखेंगे उनकी आंखों से देख लूंगी। इस उम्र में इतने सुंदर अक्षर और इतने सुंदर शब्दों से संजोया पत्र सब को प्रेरणा देता है कि संयम धारण करने की, पढ़ने, लिखने उम्र नहीं होती आप में लग्न है तो किसी भी उम्र में कुछ भी किया जा सकता है। आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज का वात्सल्य बडा ही अपूर्व लगा- आर्यिका शुभमती माताजी ने बताया कि जब वो शिखरजी को सन 2022 में जा रहे थे तब कटनी में आचार्य श्री के दर्शन का लाभ मिला। हमारे संघ में इतनी वयोवृद्ध माताजीओं को देखकर, बडे ही वात्सल्य के साथ परिक्रमा करनेवाली माताजी ओं में 90 से 95 उम्र वाली 5 माताजी भी थी। आचार्य श्री ने इशारे से टेबल पर बैठने को कहा और गणिनी आर्यिका शुभमती माताजी से कहा, कैसे इन मूर्तीयों को सांभालती हो! गणिनी आर्यिका शुभमती माताजी से कहा, सब आप गुरुओं का आशीर्वाद है। आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर महाराज जी ने कहा आज से इनको गणिनी माताजी कहा करिये, शुभमती माताजी आपके पहले स्वस्तिमती माताजी को ही बड़ा मानिये।

**-अभिषेक अशोक पाटील**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा नोटिस संख्या:** Sr.DEE-G-R-OTP-24-25-34 **दिनांक:** 19.02.2025 **कार्य:** रायपुर मंडल पर 08 एस्केलेटरों का 3 वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,19,01,722/-, **बयाना राशि:** ₹ 30,95,000, **निविदा जमा:** दिनांक **21.03.2025** के **11:30** बजे तक। निविदा दस्तावेजों की अधिक जानकारी/खरीद, पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया सीनियर डीईई/जी/आर के कार्यालय से संपर्क करें या वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों को देखें / डाउनलोड करें। इन निविदाओं के विरुद्ध मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है व प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (RS&G), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर**

PR/R/SR.DEE(RS&G)/FL/247

South East Central Railway @secrail

## संक्षिप्त समाचार

### राजिम कुंभ कल्प में संत समागम का उद्घाटन

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** तीर्थ नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम में 21 फरवरी शुक्रवार को विराट संत समागम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मौजूद थे। संत समागम में मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह सहित साधु संतों एवं महात्माओं ने मंच में स्थापित भगवान श्री राजीव लोचन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना की। सभी ने भगवान श्री राजीव लोचन से प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद गिरी, महामंडलेश्वर नवल गिरी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद महाराज, महामंडलेश्वर मनमोहनदास महाराज, ब्रह्मचारी डॉ. इंदुभवानंद महाराज, दंडी स्वामी सच्चिदानंद तीर्थ महाराज, संत द्वारकेश महाराज, संत गुरुशरण महाराज (पंडोखर सरकार), महंत नरेन्द्रदास महाराज, स्वामी राजीव लोचनदास महाराज, रामबालक दास महाराज, साध्वी महंत प्रज्ञा भारती सहित विशिष्ट साधु-संतों का सानिध्य एवं आशीर्वचन श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि यहां पर हमें संतों के आशीर्वाद और उनका दर्शन लाभ मिल रहा है। डॉ. सिंह ने मंच पर ब्रह्मलीन संत कवि पवन दीवान की पुण्यतिथि पर नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि विराट संत समागम में संत छत्तीसगढ़ में मौजूद हैं। ये हमारा सौभाग्य है कि प्रयागराज महाकुंभ स्नान के बाद राजिम पहुंचे हैं। हम प्रयागराज को यहां नहीं ला सकते है, लेकिन संतों की उपस्थिति से राजिम कुंभ कल्प का महत्व बढ़ा है। चित्रोत्पला का उल्लेख पुराणों में है। श्रृंगी ऋषि द्वारा महानदी का उद्गम हुआ। मेरे मुख्यमंत्रीत्व काल में 2005-06 में साधु-संतों की उपस्थित में राजिम में कुंभ का आयोजन करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैं धन्यवाद देना चाहूंगा समस्त संतों को जिनकी जागृति से सनातन धर्म आगे बढ़ रहा है। हमारा प्रयास होगा कि संतों को जो गौरवशाली स्थान रहा है उसे हम आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। आप सभी संत राजिम आते रहें और आपकी गरिमामय उपस्थिति में राजिम की शोभा बढ़ती रहे। आचार्य महामंडलेश्व विशोकानंद महाराज ने छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया का नारा दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या का जन्म हुआ है, यहां अनेक मंदिर है। छत्तीसगढ़ सबसे बढ़िया है क्योंकि भारत के अनेक राज्य जो नहीं कर सके वो कार्य इन्होंने किया है। छत्तीसगढ़ ने प्रयागराज को हाइजैक करके यहां ले आए। तीर्थ प्रयागराज छत्तीसगढ़ नहीं आ सकता पर छत्तीसगढ़ियों ने इन महात्माओं को जो तीर्थ प्रयागराज के प्रतिनिधि है उनको यहां पर विराजमान किया है। महाराज जी ने कहा कि सरकार के प्रयास से यहां पर फिर से राजिम कुंभ प्रारंभ हुआ है। इसलिए हम यहां पर एक भावना करते हैं कि प्रयागराज में जो कुंभ स्नान करके पुण्य कमाया है उसका फल इस प्रदेश को भी प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि आपको एक निश्छल मन से कह रहा हूं 1974 में पहला कुंभ मैं हरिद्वार किया था। 1988 में मैं महामंडलेश्वर बनकर के प्रयाग में कुंभ किया, जो अब 2025 तक किया। मेरे को वहां के 2025 के कुंभ से इतनी खुशी नहीं हुई जितनी अपने राजिम के 2025 के कुंभ से मेरा मन जो गदगद है। हमारी भावना है हमारे संतो की कुछ अपील है की राजिम में व्यवस्था के साथ संतों की धार्मिक स्थलों की शिक्षण स्थलों की व्यापक व्यवस्था हो जिससे कि इस कुंभ का स्वरूप और भी विराट गति को प्राप्त करें। ॅकार्यक्रम में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, राजिम विधायक रोहित साहू, सहित बड़ी संख्या में साधु-संतों, विशिष्ट जनों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण की गरिमामय उपस्थिति रही।

## निगम की सुंदूर बस्तियों में पहुंचकर समस्याओं को जाना आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने



**कोरबा(विश्व परिवार)।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आज प्रात: दर्री जोनांतर्गत सुंदूर स्थित बस्तियों कुमगरी, सुमेधा, सेमीपाली, इंदिरा नगर आदि में दस्तक दी, निगम कार्यकाल में ऐसा पहली बार हुआ है कि कोई निगम आयुक्त इन सुदूर बस्तियों में पहुंचकर वहॉं की समस्याओं से रूबरू हुए हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्तियों का पैदल भ्रमण कर स्वच्छता महाअभियान के अंतर्गत संचालित मेगा स्वच्छता ड्राईव के दौरान किए जा रहे साफ-सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने वहॉं पर निर्माणाधीन व प्रगतिरत निर्माण कार्य का जायजा लिया, साथ ही नाली कलवर्ट निर्माण व विद्युत विस्तार हेतु विद्युत खंभे स्थापित कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में निगम क्षेत्र में चलाए जा रहे स्वच्छता महाअभियान के अंतर्गत आज दर्री जोन के सुमेधा वार्ड एवं कोरबा जोन के इमलीडुग्गू वार्ड में मेगा स्वच्छता ड्राईव का संचालन कर एक अभियान के रूप में वृहद स्तर पर साफ-सफाई के कार्य कराए गए। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा व अधिकारियों की टीम के साथ सुमेधा, सेमीपाली, कुमगरी, इंदिरानगर जमनीपाली आदि बस्तियों का भ्रमण कर साफ-सफाई कार्यो का सघन रूप से जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने कहा कि जिन वार्ड व बस्तियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित हो रही है, वहॉं की सम्पूर्ण रूप सफाई, कचरे का त्वरित उठाव व परिवहन का कार्य करते हुए वार्ड व बस्तियों को साफ-सुथरा बनाने की दिशा में पूरी सजगता के साथ कार्यवाही संपादित करवाएं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन बस्तियों के रहवासियों से चर्चा की, उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बस्तियों में भ्रमण के दौरान आयुक्त पाण्डेय ने बस्तीवासियों से पूछा कि उनके घरों से कचरा लेने के लिए निगम का सफाई रिक्शा समय पर उनकी गली व घर में पहुंचता है या नहीं, घरों से प्रतिदिन कचरे का संग्रहण किया जाता है या नहीं, जिस पर बस्तीवासियों ने बताया कि निगम का सफाई रिक्शा प्रतिदिन नियत समय पर उनके घर, गली में आता है तथा घरों से कचरे को संग्रहित करके ले जाता है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्तियों में अपशिष्ट संग्रहण का कार्य कर रही स्वच्छता दीदियों से भी चर्चा की तथा उन्हें घरों से सूखा व गीला कचरा पृथक-पृथक संग्रहित करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि बस्ती का कोई भी घर न छुटे, प्रत्येक घर से अनिवार्य रूप से कचरे का संग्रहण किया जाएं।

आयुक्त पाण्डेय जमनीपाली क्षेत्र में निगम द्वारा संचालित एस.एल.आर.एम.सेंटर पहुंचे, उन्होने सेंटर का सघन रूप से निरीक्षण करते हुए वहॉं की व्यवस्थाओं को देखा, सेंटर में कार्यरत सुपरवाईजर व अन्य कर्मचारियों से चर्चा की एवं सेंटर की सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त रखने, निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप अपशिष्ट का प्रबंधन सुनिश्चित करने, सेंटर की साफ-सफाई, उद्यानिकी, फूलदार पौधों के रोपण के साथ-साथ सेंटर का आवश्यक सौंदर्यीकरण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होने अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा को निर्देशित किया कि एस.एल.आर.एम.सेंटर में कार्यरत महिलाओं को उद्यानिकी की आर्गेनिक खेती का प्रशिक्षण दिलवाए ताकि वे इस दिशा में वैज्ञानिक ढंग से कार्य कर सके एवं उनकी आय में वृद्धि हो।

## गरीबों को मिल रहा हक, कांग्रेस बौखलाई - विधायक रोहित साहू

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** गरीबों को पक्का मकान और महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिलने से कांग्रेस घबराई हुई है। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस की बौखलाहट साफदिख रही है। कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता शराब के नशे में अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। बीती रात चुनाव प्रचार के दौरान एक घटना सामने आई, जब राजिम विधायक रोहित साहू भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा कर रहे थे। उसी दौरान कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता शराब के नशे में वहां पहुंचे और ग्रामीणों के सामने अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। इस पर विधायक साहू ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई और संयमित भाषा में बात करने की हिदायत दी।

**भाजपा की ऐतिहासिक जीत से कांग्रेस परेशान-** राजिम विधानसभा में भाजपा ने नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले दो चरणों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। पांच में से चार निकायों में भाजपा को सफलता मिली, जबकि गरियाबंद और छुरा जनपद में भी भाजपा ने जीत दर्ज की। इसके अलावा, दो जिला पंचायत



सदस्य भी भाजपा समर्थित चुने गए। लगातार मिल रही हार से कांग्रेस कार्यकर्ता बौखलाहट में हैं। विधायक रोहित साहू ने कहा कि कांग्रेस हमेशा विकास विरोधी रही है और गांव तथा गरीबों के विकास से परेशान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पूरी होने से गरीबों को पक्के मकान और माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने एक हजार रुपए मिल रहे हैं। कांग्रेस नहीं चाहती कि गांवों का विकास हो, इसलिए उनके कार्यकर्ता चुनाव प्रचार के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

**'गांव का माहौल खराब करने की साजिश' - विधायक-** विधायक रोहित साहू ने कांग्रेस पर गांव का माहौल खराब करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के बढ़ते जनाधार से कांग्रेस घबरा गई है। वे गांव में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं और पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल अपने कार्यकर्ताओं के जरिए ऐसी हरकतें करवा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे कांग्रेस के बहकावे में न आएं और भाजपा को सहयोग दें।

**'विकास देखकर कांग्रेस परेशान' - भाजपा-** भाजपा नेताओं ने कहा कि राजिम विधानसभा में तेजी से हो रहे विकास कार्यों से कांग्रेस बेचैन हो गई है। विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में एक साल में करोड़ों रुपए की विकास योजनाएं राजिम विधानसभा को मिली हैं, जिससे भाजपा की लोकप्रियता बढ़ी है। कांग्रेस को अपने अस्तित्व पर खतरा महसूस हो रहा है, इसलिए उनके कार्यकर्ता अमर्यादित व्यवहार कर रहे हैं।भाजपा ने साफ किया कि वे विकास कार्यों में कोई रुकावट नहीं आने देंगे और जनता के समर्थन से गांवों का विकास जारी रहेगा।

## ममता बनर्जी के मृत्यु कुंभ वाले बयान पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद भड़के

**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा प्रयागराज कुंभ की मृत्यु कुंभ संबंधी टिप्पणी को लेकर देशभर में भाजपा नेता आलोचना कर रहे हैं। वहीं ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में ममता बेनर्जी की बातों का एक तरह से समर्थक किया है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने आरोप लगाया कि महाकुंभ आयोजकों ने भीड़ प्रबंधन के लिए उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने समाचार एजेंसी से कहा कि 300 किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम था। अगर यह कुप्रबंधन नहीं है तो और क्या है? लोगों को अपना सामान लेकर 25-30 किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। नहाने के लिए आने वाला पानी सीवेज के पानी के साथ मिला हुआ है और वैज्ञानिक इसे नहाने के लिए उपयुक्त नहीं मानते हैं फिर भी आप करोड़ों लोगों को इसमें नहाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने बंगाल विधानसभा में प्रयागराज में हुई मौत को लेकर आलोचना की थी। उन्होंने महाकुंभ को मृत्यु कुंभ कहा था। उन्होंने यह भी कहा था कि मैं महाकुंभ का सम्मान करती हूं, मैं पवित्र गंगा मां का सम्मान करती हूं, लेकिन कोई योजना नहीं है। कितने लोगों को बचाया गया है? सुश्री बनर्जी ने 29 जनवरी को हुई भगदड़ की ओर इशारा करते हुए कहा था पुण्य स्नान से पहले 30 लोगों की मौत हो गई।

## मोटर सायकल चोर पकड़ाया

**कांकेर(विश्व परिवार)।** कांकेर थाना क्षेत्र के आत्मानंद स्कूल नरहरदेव के पास से एक्टिवा वाहन चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा आरोपी के पास से एक्टिवा बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 12.02.2025 को प्रार्थी सुखुराम शोरी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 01.02.2025 को प्रार्थी अपने एक्टीवा क्रमांक सी.जी. 19 बी.आर. 6045 में सुबह करीबन 09.00 बजे अपने नीजी काम से आत्मानंद स्कूल नरहरदेव गया था अपने एक्टीवा को लॉक करके स्कूल मैदान के पास रोड किनारे में खड़ा किया था तथा कुछ देर के बाद वह स्कूल अंदर से बाहर निकला तो देखा उसका एक्टीवा वहां नही था। तब उसने आस-पास पता तलाश किया कही पता नही चलने पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्व कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना स्थल निरीक्षण कर प्रार्थी व गवाहो का कथन लिया गया, अज्ञात व्यक्ति व वाहन का पता साजी किया जा रहा था कि इसी बीच शुक्रवार को मुखबीर से सूचना मिली कि महावीर पेट्रोल पंप शितलापारा के पास एक्टीवा क्रमांक सी.जी. 19 बी.आर. 6045 खड़ी है । संदेह के आधार पर आरोपी प्रकाश देहारी पिता भागीरथी देहारी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बारदेवरी थाना कांकेर से पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लेने पर अपराध घटित करना स्वीकार कर उसके कब्जे से एक्टीवा बरामद कर जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया ।

## भारत स्काउट गाइड द्वारा हमारी कहानी थीम पर विश्व चिंतन दिवस मनाया

**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव व राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला मुख्य आयुक्त चंद्रप्रकाश बाजपेयी, जिला शिक्षा अधिकारी/जिला पदेन आयुक्त डॉ. अनिल कुमार तिवारी और राज्य संगठन आयुक्त स्काउट विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भांति 22 फरवरी 2025 को विश्व स्काउट के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल के जन्म जयंती को चिंतन दिवस के रुप में मनाया गया। पं. देवकीनंदन दीक्षित कन्या उ. माध्य. वि., बृहस्पति बाजार, बिलासपुर में विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर हमारी कहानी थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में चित्रकला, रंगोली, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिता जैसे कई रचनात्मक गतिविधियाँ का आयोजित की गई, जिनमें स्काउट, गाइड, रोवर और रेंजर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी विचार और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव जी रहें।अध्यक्षता श्री मनीष गुप्ता विशिष्ट अतिथि श्री विजय कुमार यादव, डॉ नवनीत कौशिक, श्री राजेश पाण्डेय, प्राचार्य श्रीमती कल्पना दुबे के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। राज्य मुख्य आयुक्त जी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी स्काउट ,गाइड रोवर्स और रेंजर्स का उत्साहवर्धन किया और विभिन्न शिविरों के प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सरला दुबे ने किया और कार्यक्रम का आभार व्यक्त श्री संतोष कुमार त्रिपाठी स्ज्ञष्ट स्काउट ने किया। कार्यक्रम के समापन पर, प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कारों की घोषणा की गई और विजेताओं को सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन प्रतिभागियों को दिए गए जिन्होंने हमारी दुनिया विषय पर अपनी अद्भुत कला और लेखन से सभी का ध्यान आकर्षित किया।

## ड्यूटी के दौरान जूडो के साथ छेड़खानी, एचओडी पर केस

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** संभाग के सबसे बड़े सिम्स अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के एचओडी द्वारा जूनियर डॉक्टर के साथ छेड़छाड़ और उत्पीड़न करने के मामले में सिटी कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। इसके बाद सिम्स में हड़कंप मच गया है। मामले का खुलासा होने के बाद सिम्स प्रबंधन ने प्रोफेसर को परीक्षा कार्य से अलग कर दिया था। सिम्स अस्पताल एक बार फिर से चर्चा में है। सिम्स के मेडिसीन विभाग के एचओडी डॉ. पंकज टेम्भूर्णीकर पर विभाग की महिला जूनियर डॉक्टर ने गंभीर आरोप लगाए थे। महिला डॉक्टर ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी और पत्र लिखकर डॉक्टर्स फेडरेशन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष को मामले में संज्ञान लेने की अपील की थी। इसके बाद डॉक्टर्स फेडरेशन ने सीएम विष्णुदेव साय से अपील की थी।




पीड़िता पोस्ट ग्रेजुएट रेसीडेंट और पीजी की छात्रा है। पीड़िता ने मेडिसिन विभाग के एचओडी पर अनुचित व्यवहार, उत्पीड़न, अनुचित स्पर्श का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पत्र में कहा था कि, एचओडी डॉ टेम्भूर्णीकर द्वारा पिछले 8 माह से उत्पीड़न किया जाता रहा है। इससे पूर्व भी सिम्स के डॉक्टरों द्वारा साथी महिला डॉक्टरऔर स्टाफ के साथ ही उत्पीड़न का मामला सामने आ चुका है। पुलिस ने जूनियर डॉक्टर की रिपोर्ट पर एचओडी डॉ. पंकज टेम्भूर्णीकर के खिलाफ अपराध क्रमांक 104/25 बीएनएस की धारा 351, 74,78 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है। ज्ञात हो कि जूनियर डॉक्टर ने सबसे पहले मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों को घटना की जानकारी दी थी लेकिन शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया। जब मामला बढ़ा तो पहले इसे विशाखा समिति के हवाले किया गया पर कार्रवाई से बचते रहे। उच्च स्तरीय शिकायत के बाद डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने डॉ. पंकज टेम्भूर्णीकर को परीक्षा कार्य से पृथक कर दिया था। सिटी कोतवाली टीआई विवेक पांडेय ने बताया कि, जूनियर डॉक्टर ने सिम्स के एचओडी के खिलाफ लंबे समय से ड्यूटी के दौरान अश्लील हरकते करते हुए छेड़खानी करने की रिपोर्ट लिखाई है। उसकी रिपोर्ट पर डॉ. पंकज टेम्भूर्णीकर के खिलाफ छेड़खानी का मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बोर्ड परीक्षा के संबंध में जिला स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित

**कवर्धा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी श्री वाई.डी. साहु के नेतृत्व में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दुर्गावती चौक, कवर्धा में आज जिला स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बैठक में सहायक संचालक श्री एम.के. गुप्ता, श्री यू.आर. चन्द्राकर, श्री डी.जी. पात्रा एवं एम.आई.एस. प्रशासक श्री सतीश कुमार यदु उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री वाई.डी. साहु ने 1 मार्च से आरंभ होने वाली बोर्ड परीक्षा के सुव्यवस्थित एवं सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर एवं सेजेस कचहरीपारा, कवर्धा के प्राचार्य श्री आर.एस. धुर्वे ने उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के आधार पर कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के संचालन और मूल्यांकन प्रक्रिया पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में बैठक व्यवस्था, स्वच्छता, ठंडे पेयजल की उपलब्धता, हवादार एवं प्रकाशयुक्त परीक्षा कक्ष, बोर्ड द्वारा निर्धारित पंजियों, प्रपत्रों और निर्देशों के समयानुसार समुचित क्रियान्वयन के संबंध में विशेष जोर दिया। इसके अलावा, कक्षा 5वीं एवं 8वीं की केंद्रीकृत मूल्यांकन परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए राज्य कार्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों को साझा करते हुए आवश्यक कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्री-बोर्ड परीक्षा 2025 की समीक्षा, वार्षिक परीक्षा (कक्षा 9वीं व 11वीं), बोर्ड परीक्षा (कक्षा 10वीं व 12वीं) और प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की शेष कक्षाओं की परीक्षा तैयारी की समीक्षा की गई।

## व्यापार समाचार

### महंगे बाजारों में शुरू हुआ भारतीय फलों का निर्यात

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** मोदी सरकार के सपोर्ट के कारण भारत के फलों को पहली बार पश्चिम के अधिक फायदा देने वाले बाजार मिले हैं, जिससे किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिली है। कृषि मंत्रालय के वरिष्ठ मंत्रालय अधिकारी ने कहा कि महंगे फलों से लेकर पारंपरिक खाद्य पदार्थों तक की यह पहली खेप इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे आत्मनिर्भर भारत के लिए मोदी सरकार का दृष्टिकोण भारतीय किसानों के लिए नए अवसर पैदा कर रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि भारत ने समुद्र के रास्ते ऑस्ट्रेलिया में प्रीमियम सांगोला और भगवा अनार की पहली खेप सफलतापूर्वक भेजी है। यह कम परिवहन लागत पर थोक निर्यात को बढ़ावा देगी और ऑस्ट्रेलिया के बाजारों में भारत के ताजे फल आसानी से पहुंच सकेंगे, जिससे अधिक भारतीय उपज के लिए वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में प्रवेश करने का मार्ग खुलेगा। भारतीय अनार पश्चिमी ग्राहकों के बीच सफल साबित हुआ है। देश ने 2023 में अमेरिकी बाजार में हवाई मार्ग से ताजा अनार की पहली परीक्षण खेप निर्यात की थी। इससे देश की कृषि उपज को वहां बाजारों में अपनी जगह बनाने में सफलता मिली। महाराष्ट्र के भगवा अनार में पर्याप्त निर्यात क्षमता है और इसका लगभग 50 प्रतिशत निर्यात राज्य के सोलापुर जिले से होता है। आधिकारियों ने बताया कि जीआई टैगिंग ने भारतीय फलों को विदेशी बाजार में अपनी जगह बनाने में एक अहम भूमिका निभाई है। भारत के अनोखे जीआई-टैग वाले पुरंदर अंजीर अब यूरोप में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। 2024 में मोदी सरकार ने पुरंदर अंजीर से बने भारत के पहले रेडी-टू-ड्रिंक अंजीर जूस को पोलैंड को निर्यात करने की सुविधा शुरू की थी। इससे पहले 2022 में इसे जर्मनी को भी निर्यात किया गया था। पुरंदर अंजीर अपने अनोखे स्वाद और बनावट के लिए जाने जाते हैं। यह पहल वैश्विक स्तर पर भारत के अनोखे कृषि-उत्पादों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। 2022 में भारत ने केरल के एर्नाकुलम के वजाकुलम से यूएई के दुबई और शारजाह के लिए जीआई टैग वाले वजाकुलम अनानास की पहली खेप को भी हरी झंडी दिखाई थी। इससे अनानास किसानों को बेहतर आय मिली। फलों के अलावा भारत की ओर से अनाजों के निर्यात पर खास फोकस किया जा रहा है। भारत का चावल निर्यात सालाना आधार पर 44.61 प्रतिशत बढ़कर 1.37 अरब डॉलर हो गया है, जो कि जनवरी 2024 में 0.95 अरब डॉलर था।

### होंडा की नई पेशकश – दमदार NX200 बाइक हुई लॉन्च!

**रायपुर:** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने आज नई NX200 को लॉन्च करने की घोषणा की है। होंडा के प्रतिष्ठित एडवेंचर बाइक लाइन-अप से प्रेरित यह बाइक उन राइडर्स (सवारों) के लिए बनाई गई है जो रोमांच के साथ-साथ रोज़मर्रा की जरूरतों के लिए एक बेहतरीन वाहन चाहते हैं। ऑल-न्यू NX200 की कीमत रु. 1,68,499 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है और यह अब पूरे भारत में सभी HMSI रेड विंग और बिग विंग डीलरशिप पर उपलब्ध है। नई NX200 को पेश करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष और सीईओ, श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, होंडा हमेशा अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकों और इनोवेशन पर काम करता रहा है। NX200 इसी सोच का एक बेहतरीन उदाहरण है, जो रोमांचक राइडिंग का नया अनुभव देगा। लोकप्रिय NX500 से प्रेरित यह बाइक ज्यादा से ज्यादा लोगों को एडवेंचर का आनंद लेने का मौका देगी और हर सफ़र को यादगार बनाएगी। इस अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर, श्री योगेश माथुर ने कहा, हमें बेहद खुशी है कि हम NX200 को भारत में लॉन्च कर रहे हैं। यह बाइक उन लोगों के लिए बनी है जो दो पहियों पर खुली सड़क का मजा लेना चाहते हैं और एडवेंचर को महसूस करना चाहते हैं। शानदार डिज़ाइन, दमदार परफॉर्मेंस और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ NX200 राइडिंग के अनुभव को नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार है। हमारे एडवेंचर और एक्सप्लोरेशन के मूल सिद्धांत के अनुरूप, NX200 राइडर्स को बिना किसी रुकावट के नई मंज़िलें तलाशने के लिए आमंत्रित करती है।

### जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में मिला 'बिजनेस लीडर ऑफडिकेड' का पुरस्कार

**नई दिल्ली** – जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में प्रतिष्ठित 'बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड' सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है। श्री जिंदल को यह पुरस्कार आज यहां आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि श्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और विशिष्ट अतिथि श्री जितिन प्रसाद, वाणिज्य एवं उद्योग; इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री की उपस्थिति में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री येजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा। श्री जिंदल के नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू समूह ने उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिससे उसका राजस्व दोगुना से भी अधिक होकर 24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। उनकी रणनीतिक दृष्टि के कारण जेएसडब्ल्यू ने अपनी वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 39 मिलियन टन कर लिया है, साथ ही समूह को अक्षय ऊर्जा और सीमेंट निर्माण में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया है। यह पुरस्कार भारत के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की पहल के साथ जेएसडब्ल्यू समूह को जोड़ने में श्री जिंदल की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। उनके नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू भारत के बंदरगाह क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ी निजी कंपनी के रूप में उभरी है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों और सैन्य ड्रोन सहित भविष्य-केंद्रित क्षेत्रों में भी कदम रख रही है।. अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स भारत के व्यापार परिदृश्य में उत्कृष्ट योगदान का जश्न मनाता है। इस समारोह में प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेता, उद्योग जगत के नेता और एआईएमए के पदाधिकारी इस ऐतिहासिक 15वें संस्करण के लिए एक साथ आए।

# शमी जब भी आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं तो अलग गेंदबाज बन जाते हैं : पीयूष चावला




**दुबई( एजेंसी )।** भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला ने मोहम्मद शमी की आईसीसी टूर्नामेंटों में प्रभावशाली वापसी की सराहना की। उनके प्रदर्शन के दम पर मेन इन ब्लू टीम की बांग्लादेश पर चैंपियंस ट्रॉफी गेम में शानदार जीत हुई। चावला ने कहा कि जब भी शमी आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं, तो वह एक अलग गेंदबाज बन जाते हैं। शमी ने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बांग्लादेश पर भारतीय टीम की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई थी और पांच विकेट हासिल किए थे। शमी ने बेहतर प्रदर्शन किया और 5-53 के आंकड़े के साथ भारत को गुरुवार को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ छह विकेट से शानदार जीत दिलाई। दुबई में पांच विकेट चटकाने के साथ ही शमी आईसीसी वनडे मुकाबलों में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने जहीर खान (59 विकेट) को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने अपने विकेटों की संख्या 60 विकेट तक पहुंचा दी है। इस प्रक्रिया में उन्होंने 200 विकेट तक पहुंचने वाले सबसे तेज भारतीय गेंदबाज बनने की महत्वपूर्ण व्यक्तिगत उपलब्धि भी हासिल की है। अब उनके वनडे में 202 विकेट हो गए हैं। पीयूष चावला ने आगे कहा कि आईसीसी टूर्नामेंट और मोहम्मद शमी का एक शानदार मिलाप है। जब भी वह आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं, तो वह एक अलग गेंदबाज बन जाते हैं। वह चोट से वापस आ रहे हैं और हाल ही में द्विपक्षीय श्रृंखला में वह थोड़े खराब दिखे, लेकिन सकारात्मक संकेत यह था कि वह अपने ओवरों को पूरा कर रहे थे। आज वह काफी बेहतर दिखे। 34 वर्षीय शमी 200 पुरुष वनडे विकेट लेने वाले दूसरे सबसे तेज गेंदबाज भी बन गए, जहां उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर और सकलैन मुश्ताक के साथ बराबरी कर ली, जिन्होंने 104 मैच खेलकर यह उपलब्धि हासिल की। इस सूची में सबसे आगे ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क हैं, जिन्होंने 102 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। इसके अलावा, वह गेंद फेंकने के मामले में पुरुषों की एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे तेज 200 विकेट तक पहुंचने वाले गेंदबाज भी हैं, जो 5126 गेंदों पर है, जबकि स्टार्क 5240 गेंदों पर 200 विकेट तक पहुंचने वाले गेंदबाज हैं।

## वो हर मैच में शतक नहीं लगा सकते, विराट कोहली की फॉर्म पर ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज का बड़ा बयान



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली लंबे समय से उस तरह रन नहीं बना पा रहे हैं जिसके लिए उन्हें जाना जाता है. उनकी फॉर्म में निरंतरता का अभाव दिख रहा है. टी 20 विश्व कप 2024 के फाइनल को छोड़ दें तो पूरा टूर्नामेंट उनके लिए बेहद साधारण था. इसके बाद बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज में भी उनका प्रदर्शन उनकी क्षमता के मुताबिक नहीं था. ऐसे में कई पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि उनका समय जा चुका है और वे जल्द संन्यास ले सकते हैं लेकिन दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर की राय इससे बिल्कुल अलग है. ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने विराट कोहली को लेकर अहम बयान दिया है. एक निजी संस्था के कार्यक्रम में विराट कोहली से जुड़े सवाल पर स्टीव वॉ ने कहा कि, उनकी फॉर्म अहम है. वे लंबे समय से रन नहीं बना पा रहे हैं लेकिन उन्हें समाप्त लिखा जाना या खत्म मान लेना जल्दीबाजी होगी. वे जल्द ही फॉर्म में वापसी करते दिखेंगे. विराट ऑफ स्टंप के बाहर बैट करने की अपनी तकनीक में सुधार लाना होगा और उम्मीद है कि वे ऐसा जल्द करेंगे. स्टीव वॉ ने कहा कि, विराट ने अपने करियर के दौरान अपने लिए बहुत ही ऊंचा मानक स्थापित किया है. लेकिन वो हर मैच में शतक नहीं लगा सकते. हमें भी ऐसी उम्मीद उनसे नहीं लगानी चाहिए. वे अपने निराशाजनक फॉर्म विराट एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और उनके जैसे महान खिलाड़ी अपनी गलतियों से जल्द सीखते हैं और मजबूत वापसी करते हैं. कोहली भी काफी जोरदार वापसी करेंगे. विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में बांग्लादेश के खिलाफ महज 22 रन बना सके थे. 23 फरवरी को भारत का मैच पाकिस्तान के खिलाफ है. विराट का पाकिस्तान के खिलाफ प्रभावशाली रिकॉर्ड रहा है.

## भारत के खिलाफ मैच से पहले पाकिस्तानी दिग्गज ने रोहित शर्मा की दिल खोलकर की तारीफ




**नईदिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा वाइट बॉल क्रिकेट में जिस तरह बैटिंग कर रहे हैं और टीम इंडिया को जिस तरह विस्फोटक शुरुआत देते हैं उसने पूरी दुनिया को उनका मुरीद बना लिया है. पाकिस्तान के क्रिकेट फैंस और पूर्व क्रिकेटर भी रोहित शर्मा की तारीफ करते नहीं थकते हैं. 23 फरवरी को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान भारत और पाकिस्तान का मैच होना है. इस मैच से पहले पाकिस्तानी दिग्गज ने रोहित की जमकर तारीफ की है. पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महान तेज गेंदबाज के रुप में शुमार वसीम अकरम ने भारत-पाकिस्तान मैच से पहले रोहित की जमकर तारीफ की है. उन्होंने कहा, रोहित शर्मा एक स्पेशल खिलाड़ी हैं और असाधारण हैं. उनकी बैटिंग बेहद सरल और आसान लगती है. वे अपने शॉट बिना किसी परेशानी के खेलते हैं. वो एक क्लास खिलाड़ी है. रोहित शर्मा न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में पूरी तरह फ्लॉप रहे थे लेकिन जैसे ही वनडे फॉर्मेट में आए उनकी फॉर्म भी वापस आ गई. इंग्लैंड के खिलाफ हाल में संपन्न हुए वनडे सीरीज में शतक लगाकर उन्होंने फॉर्म में वापसी की थी. बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में भी रोहित ने 41 रन की पारी खेली थी. रोहित शर्मा का पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में शानदार रिकॉर्ड है. 2007 से 2023 के बीच रोहित ने पड़ोसी देश के खिलाफ 19 मैच खेले हैं. 19 पारियों में 2 बार नाबाद रहते हुए 2 शतक और 8 अर्धशतक की मदद से उन्होंने 873 रन बनाए हैं.

## देश में वित्तीय समावेशन में बड़ी भूमिका निभा रहा यूपीआई डिजिटल लेनदेन में हिस्सेदारी बढ़कर 84 प्रतिशत हुई




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) की देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है और वित्त वर्ष 24 में भारत में हुए पांच डिजिटल लेनदेन में से चार यूपीआई के माध्यम से हुए थे। देश के सभी डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी बढ़कर 84 प्रतिशत हो गई है। फिनटेक कंसल्टिंग और एडवाइजरी फर्म द डिजिटल फिफ्थ की रिपोर्ट में कहा गया कि यूपीआई एक पेमेंट सिस्टम से कहीं अधिक है और भारत के लिए यह एक पूरे इकोसिस्टम के रूप में काम करता है। द डिजिटल फिफ्थ के संस्थापक और सीईओ समीर सिंह जैनी ने कहा, यूपीआई प्रति माह 16 अरब लेनदेन हैंडल करता है और 2030 के अंत तक इसके 3 गुना बढ़ने का अनुमान है। ऐसे में मजबूत बुनियादी ढांचे की भूमिका सर्वोपरि हो जाती है। उन्होंने कहा कि रियल-टाइम में धोखाधड़ी का पता लगाना, क्लाउड-नेटिव आर्किटेक्चर और स्केलेबल, डुअल-कोर स्विच अब वैकल्पिक नहीं हैं, बल्कि वे सुरक्षित और फेल-प्रूफ डिजिटल पेमेंट सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं। 2021 से 2024 तक यूपीआई लेनदेन में 4 गुना की बढ़ोतरी हुई है और यह सालाना आधार पर बढ़कर 172 अरब लेनदेन तक पहुंच गया है। डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी सबसे अधिक है और यह कार्ड-आधारित तथा वॉलेट लेनदेन से कहीं आगे निकल गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि 3 करोड़ से अधिक मर्चेंट यूपीआई से जुड़े हुए हैं। मर्चेंट-टू-कस्टमर सेगमेंट 67 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर के साथ पीयर-टू-पीयर (पी2पी) लेनदेन की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, देश के डिजिटल भुगतान में यूपीआई की हिस्सेदारी 2019 में 34 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 83 प्रतिशत से अधिक हो गई है। व्यापक स्तर पर यूपीआई लेनदेन की वॉल्यूम 2018 में 375 करोड़ से बढ़कर 2024 में 17,221 करोड़ हो गई, जबकि लेनदेन का कुल मूल्य 2018 में 5.86 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 246.83 लाख करोड़ रुपये हो गया।

## मार्च से बदल रहा पॉलिसी पेमेंट का तरीका आईपीओ की तरह कर सकेंगे भुगतान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** कई लोगों को अपने बीमा प्रीमियम का भुगतान करना बहुत मुश्किल लगता है. ऐसे में भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने इस समस्या का समाधान खोज लिया है. दरअसल, आईआरडीएआई ने स्वास्थ्य या जीवन बीमा प्रीमियम के भुगतान की व्यवस्था को सरल बनाने के लिए एक नई व्यवस्था शुरू की है. बीमा प्रीमियम के भुगतान की यह नई व्यवस्था बीमा-एएसबीए है. इसकी मदद से लोगों को अपने बीमा प्रीमियम का भुगतान करने में आसानी होगी. आईआरडीएआई ने कहा कि नई व्यवस्था पॉलिसीधारकों को प्रीमियम भुगतान के लिए अपने बैंक खाते में धनराशि ब्लॉक करने की सुविधा देती है. इस नई व्यवस्था से सुविधा बढ़ेगी और भुगतान में देरी कम होगी. नई व्यवस्था 1 मार्च से लागू होगी. इंश्योरेंस-एएसबीए यानी इंश्योरेंस-एप्लीकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट की नई व्यवस्था के तहत बीमा कंपनियों द्वारा पॉलिसी धारकों को बीमा प्रस्ताव स्वीकार किए जाने से पहले यूपीआई के माध्यम से उनके बैंक खातों में एक निश्चित राशि ब्लॉक करने की सुविधा दी जाती है. ग्राहक द्वारा स्वीकृति दिए जाने के बाद ही राशि डेबिट की जाएगी. वहीं, अगर स्वीकृति नहीं मिलती है, तो राशि अपने आप अनब्लॉक हो जाएगी. वहीं, अगर बीमाकर्ता पॉलिसी को स्वीकार या अस्वीकार नहीं करता है, तो भी फंड पॉलिसीधारक के खाते में ही रहेगा. नई व्यवस्था के तहत पॉलिसी जारी होने के बाद ही पैसे कटते हैं. राशि के ब्लॉक रहने का अधिकतम समय 14 दिन है. इसके बाद स्वीकृति मिलने पर खाते से पैसे कट जाते हैं. बीमा पॉलिसी के लिए आवेदन करते समय आपको बीमा-एएसबीए का विकल्प चुनना होगा. फॉर्म में आपको प्रीमियम राशि को ब्लॉक करने की स्वीकृति देने का विकल्प चुनना होगा. बीमा कंपनी आपके बैंक को आपके खाते में आवश्यक राशि ब्लॉक करने के लिए अनुरोध भेजेगी. इसके बाद ग्राहक की स्वीकृति के बाद ही खाते से राशि डेबिट की जाती है.

## सैमसंग आरएण्डडी इंस्टिट्यूट इंडिया, बैंगलोर ने कर्नाटक के पहले वूमन-ऑन्ली इंजीनियरिंग कॉलेज में सैमसंग इनोवेशन कैम्पस का उद्घाटन किया

**बेंगलुरु।** सैमसंग आरएण्डडी इंस्टिट्यूट इंडिया, बैंगलोर (एसआरआई-बी) ने सैमसंग के प्रमुख वैश्विक नागरिकता कार्यक्रम सैमसंग इनावेशन कैम्पस (एसआईसी) का उद्घाटन किया है। यह उद्घाटन कर्नाटक के पहले ऑल-वूमन्स इंजीनियरिंग कॉलेज, गीता शिशु शिक्षण संघ (जीएसएसएस) इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी फॉर वूमन, मैसूर में हुआ है। यह पहल स्टेम में जेंडर इक्वैलिटी को बढ़ावा देने और टेक्नोलॉजी में महिला लीडर्स की नई पीढ़ी तैयार करने के लिये सैमसंग की अटूट प्रतिबद्धता दिखाती है। एसआईसी प्रोग्राम सितंबर 2022 में लॉन्च हुआ था और इसमें एक विस्तृत पाठ्यक्रम होता है, जो प्रमुख टेक्नोलॉजी कौशल पर फोकस करता है। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/ मशीन लर्निंग, बिग डाटा और कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग शामिल हैं। यह विशेष तौर पर सैमसंग के वैश्विक शोध एवं विकास विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन किये जाते हैं, ताकि भारत के युवाओं को उद्योग के लिये तैयार किया जा सके। इस पहल में नामित होने वाले विद्यार्थियों को कक्षा के भीतर विशेषज्ञ ऑफलाइन एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण लेने का मौका मिलेगा। वे एसआरआई-बी और जीएसएसएस इंस्टिट्यूट के मेंटर्स के मार्गदर्शन में अभिनव परियोजनाओं पर काम करेंगे। एसआरआई-बी के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर मोहन राव गोली ने कहा, ''सैमसंग में हमारा मानना है कि सभी को समान अवसर मिलने से नए विचारों को बढ़ावा मिलता है। कर्नाटक के पहले महिला इंजीनियरिंग कॉलेज में सैमसंग इनोवेशन कैंपस (एसआईसी) का उद्घाटन करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। इस जगह पर, प्रतिभाशाली विद्यार्थी खोज और प्रयोग करते हुए, टेक्नोलॉजी की सीमाओं को पार करेंगे। सरकार के #DigitalIndia और #MakeinIndia अभियानों के अनुसार, इससे विद्यार्थी देश के भीतर टेक्नोलॉजी में प्रगति करने के लिए सशक्त होंगे। हमें उम्मीद है कि भविष्य में महिला लीडर तैयार होंगी, जो टेक्नोलॉजी से दुनिया को बनाएंगी, नए विचार लाएंगी और बदलाव लाएंगी। साल 2024 में, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया ने 3500 विद्यार्थियों को नामित कर एसआईसी की पहुँच को बढ़ाया था, जबकि 2023 में ऐसे विद्यार्थियों की संख्या 3000 थी। एसआईसी और सैमसंग सॉल्व फॉर टूमॉरो (एसएफ्टी) जैसी पहलों के माध्यम से कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के लिये सैमसंग की वर्तमान प्रतिबद्धता उसका मिशन दिखाती है।

## इलेक्रामा 2025: भारत के ऊर्जा भविष्य को मिली नई दिशा

**ग्रेटर नोएडा ।** जैसे-जैसे भारत विकसित भारत 2047 की दिशा में अपनी यात्रा तेज कर रहा है और आत्मनिर्भर भारत के तहत एक वैश्विक विनिर्माण हब के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है, वैसे-वैसे बिजली क्षेत्र की भूमिका आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने में और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। इस बदलते परिदृश्य में, आईईईएमए (इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन) ने आज ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में दुनिया के सबसे बड़े इलेक्ट्रिकल शो इलेक्रामा (ELECRAMA) 2025 की भव्य शुरुआत की। इलेक्रामा के 16वें संस्करण में भारत की विद्युत और ऊर्जा तकनीकों में क्षमता प्रदर्शित की गई है, जिससे इसकी भूमिका एक विश्वसनीय वैश्विक भागीदार के रूप में और मजबूत होती है। भारत के माननीय मिनिस्टर ऑफ पावर एंड हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स श्री मनोहर लाल खट्टर ने इस भव्य उद्घाटन की शोभा बढ़ाई और उन्होंने भारत के ऊर्जा से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और इस क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में श्नाइडर इलेक्ट्रिक के सीईओ श्री ओलिवर ब्लूम; सीमेंस स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के सीईओ श्री मथियस रेबेलियस; आईईईएमए के प्रेसिडेंट श्री सुनील सिंघवी; इलेक्रामा 2025 के प्रेसिडेंट (इलेक्ट) एवं चेयरमैन श्री विक्रम गंडोत्रा और आईईईएमए के वाइस प्रेसिडेंट एवं इलेक्रामा 2025 के वाइस चेयरमैन श्री सिद्धार्थ भूतोरिया जैसे उद्योग जगत के दूरदर्शी लोग भी शामिल हुए, जिन्होंने इलेक्ट्रिकल और बिजली क्षेत्र के भविष्य पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, भारत के माननीय मिनिस्टर ऑफ पावर एंड हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स श्री मनोहर लाल खट्टर ने ऊर्जा सुरक्षा, ग्रिड आधुनिकीकरण और स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया, जो राष्ट्र के विकसित भारत @2047 के लॉन्ग टर्म विजन के अनुरूप है। उन्होंने कहा, 卐बिजली क्षेत्र से मिल रहे समर्थन के दम पर भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिहाज से अच्छी स्थिति में है। इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार, ग्रिड आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने और ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएगा।

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, सोमवार 24 फरवरी 2025



### जेल रोड में पलटी माजदा, 23 लोग घायल

**रायपुर (विसं)।** जेल के सामने नेशनल हाईवे-49 पर एक माजदा वाहन पलटने से बड़ा हादसा हो गया। वाहन में 40 से ज्यादा लोग सवार थे, जिनमें से 23 लोग घायल हो गए। घायलों में 13 बच्चे भी शामिल हैं। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। यह दुर्घटना तब हुई जब पकरिया झूलन गांव के लोग माजदा वाहन में सवार होकर मड़वारानी दर्शन के लिए जा रहे थे।

## श्री पद्मप्रभ दिगंबर गंबर जैन मंदिर लाभांडी में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चरण चिन्ह स्थापित





**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री पद्मप्रभ दिगंबर जैन मंदिर लाभांडी में आज श्री 108 आचार्य विद्यासागर जी महाराज के चरण चिन्ह की स्थापना मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में संपन्न हुई।

इस अवसर पर मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की समाधि के 1 वर्ष पूर्ण होने पर अपनी विनयांजलि अर्पित करते हुए उन्हें इस युग का महत्वपूर्ण आचार्य बताया उनके द्वारा आत्म कल्याण के साथ जनकल्याण हेतु किए गए कार्यों की सराहना करते हुए ने मंत्र उच्चारण के साथ मंदिर की में चरण चिन्ह की स्थापना कराई।

मुनिश्री ने बताया कि संघस्थ छुल्लक श्री श्रेय सागर जी महाराज का आज दीक्षा दिवस भी है।

इस अवसर पर उपस्थित जनों ने भगवान चंद्रप्रभ स्वामी का अभिषेक शांति धारा करने के साथ चरणों का अभिषेक करने का सौभाग्यशाली माना।

मंदिर के संरक्षक श्री विनोद जैन बडजात्या ने सभी का स्वागत एवं आभार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर भारी संख्या में माताएं बहने भी उपस्थित रही।

# आजादी के बाद पहली बार खूंखार नक्सली नेता हिड़मा के पैतृक गांव पूवर्ती में हुआ मतदान

- सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित कोंटा ब्लॉक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदाताओं में दिखा अभुतपूर्व उत्साह : विजय शर्मा
- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के लगातार प्रयासों से इलाके की स्थिति को बदलने में सफलता प्राप्त की है

**रायपुर (विश्व परिवार)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक के पूवर्ती गांव में ऐतिहासिक मतदान देखा गया। यह गांव जो खूंखार नक्सली नेता हिड़मा का पैतृक स्थान है आजादी के बाद पहली बार चुनाव में भाग ले रहा है। इस चुनाव के दौरान ग्रामीणों में भारी उत्साह और आशा का माहौल देखा गया, क्योंकि वे अब पहली बार अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल करने में सक्षम हो सके हैं।

सुकमा जिले का यह इलाका वर्षों से नक्सलवाद से प्रभावित रहा है, और यहां के निवासी कई बार नक्सलियों के आतंक के कारण चुनावों से दूर रहे हैं। लेकिन अब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री श्री विजय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासन ने लगातार प्रयासों से इलाके की स्थिति को बदलने में सफलता प्राप्त की है।



पिछले कुछ वर्षों में, यहां सुरक्षा बलों और स्थानीय प्रशासन के संयुक्त प्रयासों ने नक्सलियों के प्रभाव को कम किया है, जिससे ग्रामीणों में अब बदलाव की लहर महसूस हो रही है।

**पहली बार पूवर्ती गांव में चुनाव :** पूवर्ती गांव में यह चुनाव ऐतिहासिक माना जा रहा है, क्योंकि यह गांव अब तक किसी भी चुनाव का हिस्सा नहीं रहा था। हिड़मा जैसे कुख्यात नक्सली नेता के घर होने के बावजूद, इस गांव के लोग आजादी के बाद पहली बार अपने वोट का अधिकार इस्तेमाल कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री श्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से इस बार मतदान में भाग लेने के लिए गांववासियों का उत्साह देखा जा सकता था, जो पहले किसी भी प्रकार के चुनावों से दूर रहे थे।

**नक्सलवाद से जूझते हुए ग्रामीणों ने जताया उत्साह :** पूवर्ती गांव के ग्रामीणों ने इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जो न केवल उनके लोकतांत्रिक अधिकार की विजय है, बल्कि यह नक्सलवाद के खिलाफ उनके संघर्ष की भी प्रतीक है। गांववासियों का कहना था कि यह उनका पहला मौका है जब वे अपनी आवाज उठा सकते हैं और अपने भविष्य के लिए एक ठोस कदम उठा सकते हैं। चुनाव में मतदान का उत्साह यह साबित करता है कि अब इन इलाकों में नक्सलवाद का असर कम हो चुका है और लोग अपने भविष्य के लिए संजीदगी से मतदान कर रहे हैं।

**सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासन की भूमिका :** पूवर्ती गांव और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तगड़ी व्यवस्था की गई थी। नक्सलियों से खतरे के बावजूद, पुलिस और सुरक्षाबलों ने यह सुनिश्चित किया कि चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। प्रशासन और सुरक्षाबलों के समन्वय से यह सुनिश्चित किया गया कि किसी प्रकार की हिंसा या उपद्रव की स्थिति उत्पन्न न हो।

**नक्सल प्रभावित इलाकों में लोकतंत्र की नई शुरुआत :** इस घटना ने यह साफ कर दिया कि जब प्रशासन और स्थानीय नेतृत्व ईमानदारी से काम करते हैं, तो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हो सकती हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उपमुख्यमंत्री विजय शर्माके लगातार प्रयासों से इस क्षेत्र में नक्सलवाद के खिलाफ संघर्ष को नई दिशा मिली है। पूवर्ती गांव में मतदान के इस ऐतिहासिक दिन को छत्तीसगढ़ में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की एक नई शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। यह न केवल इलाके के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणा बन चुका है कि कैसे सरकारी प्रयासों और स्थानीय सहयोग से नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति और विकास की राह बनाई जा सकती है।

**केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी पहुंचे थे :** हिड़मा के इस गांव पूवर्ती में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी पहुंचे थे। यहां उन्होंने 3 घंटे से ज्यादा का समय बीताया था। इनसे पहले डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी पहुंचे थे। नक्सलियों के गढ़ में पहली बार पहुंचने वाले वे पहले मंत्री हैं।

## विधायक राजेश मूणत द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याणक समिति 2025 के प्रधान कार्यालय का उद्घाटन





**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर सकल जैन समाज समाहित भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति - 2025 की गतिविधियों के संचालन व रुपरेखा निर्धारण हेतु प्रधान कार्यालय का उद्घाटन विशेष रूप से जैन संस्कार विधि से समाज गौरव पूर्व कैबिनेट मंत्री व रायपुर पश्चिम विधायक सम्माननीय श्री राजेश जी मूणत के कर-कमलों द्वारा आज दिनांक :- 23/02/2025 दिन रविवार विशेष मूहर्त समय :- प्रात: 9.36 बजे स्थान :- श्री ऋषभ देव जैन मंदिर सदर बाजार, रायपुर में किया गया। महोत्सव समिति 2025 के अध्यक्ष महावीर कोचर ने बताया कि 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव पूरे भारत वर्ष में भक्तिमय वातावरण में बड़े ही उल्लास के साथ मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सकल जैन समाज के सभी घटक एक साथ मिलकर भगवान महावीर के जन्मोत्सव का आयोजन कई वर्षों से कर रहे है। जिसमें सभी घटक, ट्रस्ट, मंदिर समितियां, संघ, महिला मंडल, युवा मंडल, बालिका मंडल सभी इस जन्म उत्सव महाआयोजन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है। जिसमें प्रतिदिन प्रभात फेरी पूरे शहर में अलग अलग कॉलोनियों, मोहल्लों से भगवान महावीर के जयकारों के साथ भ्रमण करती है। प्रतिदिन जीवोदय के विभिन्न आयोजन, महावीर प्रसादी वितरण भंडारा, जरूरतमंदों को आर्थिक सहयोग सामग्री वितरण, धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, नाटक, भक्तिगीत, ट्रेड फेयर, का आयोजन किया जाता है। आज महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2025 के प्रधान कार्यकाल के अवसर पर समाज गौरव रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि किसी भी आयोजन में सफलता तभी मिलती जब मैं नहीं हम सब मिल कर कार्य करेंगे और आयोजन को सफल बनायेंगे। ऐसा सभी कहना सीखे। मैं ने किया ऐसा कहना किसी भी आयोजन को पीछे ले जाता है। और हम सब ने मिलकर किया आयोजन को निरंतर सफल बनाता है। आज हम सब मिलकर इस महामहोत्सव को सफल बनाने के लिए काम कर रहे है। जिसके कारण पूरे भारत वर्ष में रायपुर के भगवान महावीर जन्म उत्सव महोत्सव की चर्चा हमेशा होती है। महोत्सव समिति से कई वर्षों से जुड़े सभी बुजुर्ग सीनियर को सुझाव समिति में रख कर युवाओं को मौका निरंतर कई वर्षों से दिया जा रहा है। जिसके कारण नए नए आयोजन पूरे जोश के साथ देखने को मिल रहे है। पूरे देश में जैन समाज का एक विशेष महत्व है जैन समाज ने हमेशा देने का काम किया है। चाहे वो देश में ज्यादा टैक्स कर देना हो या दान सब में जैन समाज हमेशा आगे रहा है। कभी जैन समाज ने लेने का काम नहीं किया। किसी भी आपदा, संकट में जैन समाज ने बढ़ चढ़ कर सभी की मदद की है।

इस अवसर पर भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष महावीर कोचर महासचिव,स्त्र1. सिध्दार्थ डागा कोषाध्यक्ष वीरेंद्र डागा समाज सेवक जन प्रतिनिधि कृतिका जैन पार्षद हेमू कल्याणी वार्ड, सतीश जैन पूर्व पार्षद सदर बाजार वार्ड, के साथ सकल जैन समाज के घटकों में विशेष रूप से चंद्रेश शाह कच्छी गुजराती जैन समाज फाफाडीह रायपुर, संतोष जी बैंद सीमांधर स्वामी टस्ट्र रायपुर, महेंद्र कोचर विजय चोपड़ा पूर्व अध्यक्ष महावीर जन्म कल्याणक समिति, विजय जी कांकरिया अध्यक्ष ऋषभ देव मंदिर ट्रस्ट, राजेंद्र जी गोलछा उज्वल जी झबक ट्रस्टी, यशवंत जैन श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट, सुरेन्द्र पाटनी सचिव दिगंबर जैन मंदिर फाफाडीह, आशीष जैन, अनिल दुग्गड, शैलेन्द्र जी कोटडिया, ललित जी श्रीमाल, योगेन्द्र भंडारी, प्रकाश चंद जी चोपड़ा, महावीर मालू, नवीन चोरड़िया, मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन उपस्थित थे। -**प्रणीत जैन**

## शंकर नगर दि. जैन मंदिर कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण




**श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर शंकर नगर रायपुर में नई कार्यकारिणी को चुनाव अधिकारी श्री अरविंद पहाड़िया एवं श्री महेंद्र बांझल शपथ ग्रहण कराते हुए। (फोटो- विश्व परिवार)**

## देश को कांग्रेस मुक्त बनाएंगे : पुरंदर मिश्रा



**रायपुर (विसं)।** नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस की हार पर भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुक्त भारत करना हमारा संकल्प है।

आने वाले दिनों में कांग्रेस एक कमरे में सिमट कर रह जाएगी। रायपुर उत्तर से विधायक पुरंदर मिश्रा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि आज आईएएस अफसर जेल में हैं। कांग्रेस ने (उन्हें) काला धन अर्जित करने का आदेश दिया था। वहीं विधायक देवेंद्र यादव को जमानत मिलने पर उन्होंने कहा कि यादव लोग तो गाय पालते हैं, बेल क्यों मिला है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी है। हर एक आदमी का अपना एक गुट है। इनका भी एक अलग गुट है। भूपेश बघेल के समर्थक माने जाते हैं। सोचने वाली बात यह है कि 140 साल पुरानी पार्टी के अंदर इतनी अंतर्कलह क्यों है।

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस आंतरिक कलह के चक्रव्यूह में फंसी : संजय श्रीवास्तव

**भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कहा- कांग्रेस में नोटिस और निष्कासन भी पैसे कमाई का जरिया**




**रायपुर (विश्व परिवार)।** भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस की कलह पर बड़ा हमला करते हुए भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस ब्रीफ में कहा कि कांग्रेस में शायद नोटिस और निष्कासन भी पैसे के लिए किए जाते है कांग्रेस के अंदर की गजब कहानी यही कहती है जिसमें कांग्रेस के पूर्व विधायक, विनय जायसवाल ने पहले कांग्रेस पर पैसे लेकर टिकट बेचने का आरोप लगाया, फिर 6 साल के लिए निष्कासित हुए, 6 साल तो नहीं पर 6 महीने के अंदर वो पार्टी में न सिर्फ वापिस आए बल्कि महापौर का टिकट भी ले आए।उन्होंने जो आरोप कांग्रेस पर लगाया था उसी प्रकिया से वो खुद महापौर प्रत्याशी बन गए अत: कांग्रेस में बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया।

संजय श्रीवास्तव ने कहा पिछले दिनों कांग्रेस ने दो बार के विधायक कुलदीप जुनेजा ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बारे में कहा कि उनके नैतिकता नहीं है इतनी बार पार्टी को हरवाने के बाद भी उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया और बोलना पड़ रहा है यह शर्म की बात है अब इस बात फिर कुलदीप जुनेजा को कारण बताओ नोटिस दिया गया है अब कहानी फिर वही है कुलदीप जुनेजा जिन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निष्काशित लोगो को पैसे लेकर फिर से पार्टी में लेने का आरोप लगाया था अब फिर वो खुद पैसे देकर अपने ऊपर कार्यवाही से बचेंगे।कांग्रेस अब एक राजनीतिक दल नहीं लुटेरी गैंग बन के रह गई है जो सब को लूट रही है।

संजय श्रीवास्तव ने कहा कांग्रेस अपने आपराधिक कृत्यों की वजह से आंतरिक कलह के चक्रव्यूह में फंस चुकी है।पूर्व मंत्री अमरजीत भगत बड़े नेताओं को हार का जिम्मेदार मान रहे है और खुलेआम बयानबाजी कर रहे है कि हम टॉप लीडरशिप की वजह से चुनाव हार रहे है, जिसमें दीपक बैज, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव का नाम वो बार बार बोल रहे है नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, टीएस बाबा के ही नेतृत्व में चलने की बात कर रहे है ऐसे में कांग्रेस में किसी को किसी का नेतृत्व स्वीकार नहीं है हर कोई एक दूसरे पर केवल आरोप ही लगा रहा है।भाजपा ने जहां बूथ, मंडल, जिला और प्रदेश के सभी संगठन के चुनाव समय पर कर लिए परन्तु कांग्रेस चार शर्मनाक हारो के बाद कलह के दल दल में डूबती जा रही है। प्रेस ब्रीफ में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, राजीव चक्रवती, निशिकान्त पांडे मौजूद रहे।

## प्रत्येक घंटे टिकट बिक्री की निगरानी करते हुए, रेलवे ने शनिवार शाम को नई दिल्ली से प्रयाग के लिए 5 अनारक्षित ट्रेनें चलाईं

**रायपुर (विश्व परिवार)।** शनिवार की शाम के दौरान, रेलवे ने नई दिल्ली स्टेशन से प्रयाग के लिए 5 अनारक्षित ट्रेनें चलाईं, जिससे सप्ताहांत की भीड़ को समायोजित किया जा सके। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चेयरमेन रेलवे बोर्ड और उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे तथा उत्तर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधकों को भीड़ और टिकट बिक्री की निगरानी करने के निर्देश दिए। वास्तविक समय की निगरानी के आधार पर, उत्तर रेलवे ने विशेष ट्रेनों की योजना बनाई। इसी तरह, उत्तर मध्य रेलवे तथा उत्तर पूर्व रेलवे ने प्रयागराज, झूसी और नैनी से विशेष ट्रेनों की योजना बनाई। उच्च स्तर पर लगातार टिकट बिक्री और भीड़ की निगरानी की जा रही है।

शनिवार को शाम के दौरान, प्रयागराज के लिए टिकट बिक्री सामान्य से अधिक थी। 1800 बजे से 1900 बजे तक, प्रयागराज के लिए 2375 टिकट बेचे गए। मांग को देखते हुए, प्रयाग के लिए प्रति घंटे अनारक्षित ट्रेनें चलाई गईं।

ट्रेन संख्या 0470 ने 19.00 बजे प्रस्थान किया। 19.00 बजे से 20.00 बजे तक, 2950 टिकट बेचे गए। ट्रेन संख्या 04074 ने 20.00 बजे प्रस्थान किया। 20.00 बजे से 21.00 बजे तक, 3429 टिकट बेचे गए। ट्रेन संख्या 04080 ने 20.58 बजे प्रस्थान किया। 21.00 बजे से 22.00 बजे तक, 2662 टिकट बेचे गए। ट्रेन संख्या 04082 ने 21.58 बजे प्रस्थान किया। 22.00 बजे से 23.00 बजे तक, 1689 टिकट बेचे गए। ट्रेन संख्या 04084 ने 23.15 बजे प्रस्थान किया।

### महाकुंभ

बढ़ी हुई ट्रेन सेवा महाकुंभ 2025 में भाग लेने वाले बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए चलाई गई।

**सुविधा-** भारतीय रेलवे महाकुंभ में आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाजनक यात्रा विकल्प प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

## भारत सरकार के iGOT लर्निंग पोर्टल पर एसईसीएल को देशभर में चौथा स्थान

**कर्मियों द्वारा किए जा चुके हैं 38,852 कोर्स**

**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** एसईसीएल ने भारत सरकार के iGOT कर्मयोगी लर्निंग पोर्टल पर शानदार प्रदर्शन करते हुए देशभर की सरकारी कंपनियों में चौथा स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि उन सार्वजनिक उपक्रमों की श्रेणी में प्राप्त हुई है, जिनके 10,000 से 50,000 यूजर्स हैं। एसईसीएल के कर्मियों द्वारा 38,852 कोर्स सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं। इस पोर्टल पर अब तक 11,971 कर्मियों ने पंजीकरण कराया है, जिसमें 2,445 अधिकारी और 9,526 कर्मचारी शामिल हैं।

शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देने के इस पहल में कर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है। लगभग 3, 000 कर्मियों ने छह या अधिक कोर्स पूरे कर लिए हैं, जबकि 716 कर्मी ऐसे हैं जिन्होंने 10 या उससे अधिक कोर्स सफलतापूर्वक पूरे किए हैं।

उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए माननीय कोयला मंत्री एसईसीएल कर्मियों को कर चुके हैं सम्मानित- कोयला मंत्रालय द्वारा जारी सरकारी कोयला कंपनियों के सर्वाधिक द्वत्तह्ड्ढ कोर्सेज करने वाले कर्मियों की सूची में एसईसीएल ने टॉप किया है और टॉप 20 परफार्मर्स में से एक तिहाई एसईसीएल से हैं।

हाल ही में पिछले माह नई दिल्ली में आयोजित कोयला मंत्रालय के चिंतन शिविर कार्यक्रम के दौरान iGOT पोर्टल पर एसईसीएल के बेस्ट परफॉर्मर्स को माननीय कोयला मंत्री जी ने अपने हाथों से सम्मानित किया जा चुका है।

**iGOT कर्मयोगी पोर्टल: उद्देश्य और लाभ-** iGOT (इंटेग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग) कर्मयोगी पोर्टल, भारत सरकार द्वारा डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया एक प्रमुख प्लेटफॉर्म है। इसका उद्देश्य सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को नई क्षमताएं और स्किल प्रदान करना है, जिससे वे अपने कार्यस्थल पर अधिक प्रभावी ढंग से योगदान दे सकें। यह पोर्टल व्यावसायिक विकास, नेतृत्व कौशल, डिजिटल तकनीक आदि विभिन्न विषयों पर कई कोर्स प्रदान करता है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री मुदालियर दो दिनों के रायपुर प्रवास पर



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री संजय विनायक मुदालियर, दिनांक 24 और 25 फरवरी को रायपुर अंचल के दौरे पर रहेंगे।

अपने दो दिन के प्रवास के दौरान कार्यपालक निदेशक श्री मुदालियर बैंक ऑफ़ बड़ौदा की नई शाखा धमधा का शुभारंभ करेंगे। अंचल के ग्राहकों के साथ बैठक कर बैंक की ग्राहक सेवा को और भी बेहतर करने हेतु चर्चा करेंगे। अंचल के स्टाफ सदस्यों से टाउन हॉल मीटिंग के माध्यम से मुखातिब होंगे। वे छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न उच्चाधिकारियों, पदाधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश के विकास में बैंक के योगदान को और भी बढ़ाने हेतु संभावनाओं की तलाश करेंगे। इसी कड़ी में अंचल के सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों व अंचल कार्यालय के स्टाफ सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक करने के साथ, बैंक के उत्कृष्ट कार्यकर्ता स्टाफ सदस्यों को सम्मानित भी करेंगे।

## बीएसयूपी, रावतपुरा और काठाडीह के रहवासियों को भव्य उद्यान की सौगात

**रायपुर (आरएनएस)।** जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन क्रमांक 6 के अंतर्गत केन्द्र प्रवर्तित योजना बीएसयूपी आवासीय कॉलोनी रावतपुरा और काठाडीह परिसर को रहवासियों के लिए शीघ्र सुविधायुक्त बनाने की दृष्टि से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन एवं उद्यान निर्माण एवं विकास सहित सौंदर्यीकरण, मकानों की आवश्यक मरम्मत एवं सुधार के प्रगतिरत कार्यों का कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया।




ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354